e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 344

मंगलवार
19.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
अपने आप को चुनौती देने का प्रत्येक प्रयास अपने आप को जानने के लिए श्रेष्ठ प्रयास है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### चाईबासा में नक्सली साजिश नाकाम, तीन आईईडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। सोमवार को सुरक्षाबलों ने सोनुवा थाना क्षेत्र के केदाबुरु के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र से तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किये। तीनों आईईडी सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने प्लांट किये थे। आईईडी को सुरक्षा दृष्टिकोण से उसी स्थान पर डिफ्यूज कर दिया गया।प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। इसे लेकर दस अक्टूबर से एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईटा, छोटा कुईटा, मारादिरी मेरालगडा, हाथीगुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका रेगड़ा. पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है।

### झारखंड में शीतलहर का अलर्ट, तीन डिग्री तक गिरेगा पारा

**रांची :** राज्य में शीतलहर की चेतावनी जारी की गयी है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को कहा कि बुधवार तक राज्य के पश्चिमी और मध्य भाग में शीतलहर की स्थिति रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में पारा गिरना जारी है और गढ़वा में सबसे कम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि मंगलवार और बुधवार को रांची का न्यूनतम तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। राज्य के अधिकांश स्थानों पर पारा 9 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। ये गिरावट उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण हुई है।

### बोकारो में एनआईए ने की छापेमारी

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और आतंकवाद निरोधी दस्ता( एटीएस) की टीम ने संयुक्त रूप से पश्चिमी सिंहभूम (जमशेदपुर) के जुगसलाई और मानगो में छापेमारी की है। सूत्रों ने बताया की एनआईए ने बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के सुतरीबेड़ा में भी छापेमारी की है। एनआईए और एटीएस की टीम ने छापेमारी कर जुगसलाई से एक व्यक्ति को पकड़ा है। टीम उसे हिरासत में लेकर बिष्टुपुर स्थित सर्किट हाउस ले गई। वहां उससे पूछताछ की जा रही है। एनआईए और झारखंड एटीएस की टीम ने बोकारो जिला के चंदनकियारी प्रखंड के सुतरीबेड़ा में छापेमारी की है। टीम ने सुतरीबेड़ा निवासी हाफिज असगर और अजहर कमाल से पूछताछ की। टीम ने दोनों से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद पूछताछ के बाद टीम जिला मुख्यालय बोकारो पहुंची। पूछताछ के बाद टीम उनके घर से कुछ दस्तावेज बरामद कर अपने साथ ले गयी।

### अरविंद केजरीवाल को ईडी का दूसरा समन, 21 दिसंबर को शराब घोटाले मामले में पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली :** दिल्ली के शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर नोटिस भेजा है. ईडी ने उन्हें नोटिस भेजकर 21 दिसंबर को पेश होने को कहा है. शराब घोटाले मामले में केजरीवाल को यह ईडी का दूसरा समन है.इससे पहले केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी ने दो दिसंबर को भी नोटिस भेजा था. लेकिन अरविंद केजरीवाल ने नोटिस को गैरकानूनी बताकर नोटिस वापिस लेने की मांग की थी. वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे. ईडी ने केजरीवाल को यह समन ऐसे समय में भेजा है, जब वह 10 दिनों के लिए विपश्यना के लिए जा रहे हैं. वह 19 दिसंबर को विपश्यना के लिए रवाना होंगे. कहा जा रहा है कि केजरीवाल हर साल विपश्यना का 10 दिन का कोर्स करने के लिए जाते हैं. इस साल भी वह 19 से 30 दिसंबर तक विपश्यना में रहेंगे.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

---

### संसद की सुरक्षा में सेंध मामले को लेकर सदन में जारी है गतिरोध

# 78 सांसद सस्पेंड

**92** सांसद अब तक दोनों सदनों के हो चुके हैं निलंबित

**33** लोकसभा और 45 राज्यसभा के सांसद हैं शामिल


असल में संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर लोकसभा में लगातार चौथे दिन हंगामा हुआ।

**11वें** दिन संसद के शीतकालीन सत्र के दोनों सदनों से 78 सांसद सस्पेंड कर दिए गए।

**इससे पहले गुरुवार को दोनों सदनों के 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसमें लोकसभा के 13 और राज्यसभा के एक सांसद शामिल थे। इस तरह अब तक दोनों सदनों के 92 सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में सोमवार को 33 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। जिन सांसदों पर निलंबन की गाज गिरी है, उनमें कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, द्रमुक सांसद टीआर बालू, दयानिधि मारन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय शामिल हैं। बताया गया कि जिन सांसदों पर निलंबर की गाज गिरी है, उनमें से 30 को बचे हुए शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा तीन अन्य सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है। इनमें के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक शामिल हैं। ये सभी नारे लगाने के लिए अध्यक्ष के आसन पर चढ़ गए थे। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने निलंबन के संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया। इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी सांसदों पर कार्रवाई की गई। सदन में हंगामे और नियमों की अवहेलना को लेकर संसद के उच्च सदन के 45 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। इससे पहले गुरुवार को दोनों सदनों के 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसमें लोकसभा के 13 और राज्यसभा के एक सांसद शामिल थे। इस तरह अब तक दोनों सदनों के 92 सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है।



#### अत्याचार कर रही है सरकार : अधीर रंजन



लोकसभा से अपने निलंबन पर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मेरे समेत सभी नेताओं को निलंबित कर दिया गया है। हम कई दिनों से मांग कर रहे हैं कि हमारे जिन सांसदों को पहले निलंबित किया गया था उन्हें बहाल किया जाए और गृह मंत्री आएं सदन में जाकर बयान दें। अधीर ने कहा कि गृह मंत्री रोज टीवी पर बयान देते हैं। संसद की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कर रही है, इस पर वो थोड़ा संसद में भी बोल सकते हैं। आज की सरकार अत्याचार ऊंचाई पर पहुंच गई है, हम सिर्फ चर्चा चाहते थे।

**अधीर ने कहा कि गृह मंत्री रोज टीवी पर बयान देते हैं। संसद की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कर रही है, इस पर वो थोड़ा संसद में भी बोल सकते हैं।**

---

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र

# वेतन-भत्ते में बढ़ोतरी से संबंधित प्रतिवेदन हुआ पेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो ,नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी,मुख्य सचेतकों,सचेतकों के वेतन,भत्ते और अन्य सुविधाओं में वृद्धि से संबंधित प्रतिवेदन पेश किया गया। इस संबंध में गठित समिति और उसके द्वारा तैयार प्रतिवेदन में वेतन,भत्ते व अन्य सुविधाओं की समीक्षा और वृद्धि के निमित्त सुझाव दिये गये हैं। इसके मुताबिक वर्तमान में मुख्यमंत्री को वेतन के तौर पर 80 हजार रुपये का प्रावधान है। इसे एक लाख रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा समिति ने की है। मंत्री, राज्य मंत्री, उप मंत्री को 65 हजार के बजाए 85 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गई है। क्षेत्रीय भत्ते के तौर पर मुख्यमंत्री, मंत्रियों को 80 हजार के बजाय 96 हजार रुपये दिये जाने की अनुशंसा की गई है। इसी तरह आवास ऋण के तौर पर मुख्यमंत्री, मंत्री को चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर देय 40 लाख रुपये की सुविधा को 50 लाख रुपये किये जाने का सुझाव दिया गया है।

प्रभारी भत्ता, सत्कार भत्ता में भी वृद्धि की अनुशंसा हुई है। विधानसभा स्पीकर के लिए वर्तमान में प्रतिमाह वेतन के तौर पर मिलने वाली राशि को 78 हजार रुपये के बजाए 98 हजार रुपये किये जाने की अनुशंसा की गई है। क्षेत्रीय भत्ता के तौर पर 80 हजार रुपये प्रतिमाह की राशि को 95 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की हुई है। सत्कार भत्ता को 60 हजार रुपये की जगह 70 हजार रुपये प्रतिमाह करने को कहा गया है।नेता विरोधी दल को वेतन के तौर पर मिलने वाली राशि को 65 हजार रुपये के बजाए 85 हजार रुपये प्रतिमाह करने की सिफारिश की गई है। क्षेत्रीय भत्ता को 80 हजार के बजाए 95 हजार रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता को 45 हजार के बजाय 55 हजार रुपये प्रतिमाह और अन्य सुविधाओं में भी वृद्धि की अनुशंसा की गई है। मुख्य सचेतक को वेतन के तौर पर 55 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 75 हजार रुपये प्रतिमाह, सचेतक को 40 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 60 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गई है। इसके अलावा समिति ने यह भी अनुशंसा की है कि झारखंड विधानसभा के सदस्यों को एक कंप्यूटर ऑपरेटर 35 हजार रुपये प्रतिमाह की व्यवस्था पर रखने की सुविधा दें। साथ ही एक ड्राइवर भी 30 हजार रुपये प्रतिमाह पर रखने की सुविधा मिले। इसके लिए विधायक अनुशंसा करेंगे।

---

# नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में रंका थाना प्रभारी घायल, मेडिका में भर्ती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुवे मुठभेड़ में गोली लगने से रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राँची के मेडिका हॉस्पिटल में ईलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

जख्मी थाना प्रभारी को देखने के लिए सिटी एसपी राँची राज कुमार मेहता एवम एडीजी अभियान झारखंड संजय आनंद लाटकर राँची मेडिका हॉस्पिटल पहुँचे।प्राप्त जानकारी के अनुसार ढेंगुरा एवं आसपास के इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर पुलिस अभियान पर निकली थी। रंका एवं रमकंडा थाना क्षेत्र की पुलिस संयुक्त अभियान चला रही थी। रंका के थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा भी इस अभियान में शामिल थे।बताया गया कि रात के करीब 12 बजे पुलिस टीम जैसे ही ढेंगुरा के समीप पहुंची। वहां मौजूद नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी पोजीशन लेकर जवाबी कार्रवाई शुरू किया। इस दौरान एक गोली शंकर प्रसाद कुशवाहा के बाई कलाई में लग गई।बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहना था। गोली उनके छाती पर लगी थी।इसके बाद वहां से रिटर्न होकर उनके बाई कलाई में आर पार हो गई। इससे कलाई की हड्डी टूट गई और लगातार रक्तस्त्राव होने लगा। इधर इस घटना के बाद जिले में नक्सलियों की मौजूदगी की बात भी कही जा रही है। हालांकि, पुलिस के साथ मुठभेड़ 8 -10 की संख्या में नक्सलियों के होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने भी दो नक्सलियों को मार गिराने का दावा किया है।

---

### झारखंड सरकार व पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी के बीच हुआ एमओयू

# अधिक से अधिक निवेश राज्य सरकार का लक्ष्य : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की गरिमामयी उपस्थिति में कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उद्योग विभाग, झारखंड सरकार एवं पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग हस्ताक्षर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर उद्योग पालिसी बनाई है। राज्य सरकार का प्रयास है कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई उद्योग नीति के तहत लगातार कई अच्छी और विश्वसनीय उद्योग संस्थानों द्वारा झारखंड में निवेश करने की इच्छा जाहिर की है। नई उद्योग नीति के तहत निवेशक अब राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में कई जाने- माने उद्योग संस्थाओं द्वारा जमशेदपुर सहित अन्य जगहों पर अपने कंपनी का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्थापित उद्योग संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को मिले इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा नियम भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेशकों को एक बेहतर माहौल के साथ-साथ सुरक्षा भी मुहैया करायी जा रही है।





#### वरुण बेवरेजेस लिमिटेड रामगढ़ जिला के पतरातू में 456 करोड़ रुपए निवेश करेगी

वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रविकांत जयपुरिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड एक भारतीय कंपनी है, जो पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी के नाम से जाना जाता है। यह कंपनी विभिन्न पेय पदार्थों का उत्पादन एवं बोतल मैन्युफैक्चरिंग करती है। उन्होंने कहा कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड रामगढ़ जिला के पतरातू में 456 करोड़ रुपए निवेश करने जा रही है। कंपनी द्वारा यहां कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक जैसे पेप्सी, सेवेन अप, माउंटेन ड्यू, मिरिंडा, ट्रापिकाना फ्रूट जूस, एक्वाफिना पानी आदि का उत्पादन होगा। इसके साथ ही मिल्क बेस्ड ड्रिंक, वैल्यु एडेड डेयरी प्रोडक्ट एवं ड्रिंक के लिए बोतल का उत्पादन किया जाएगा। साथ ही कम्पनी द्वारा 4 मेगावाट सोलर पावर एनर्जी जनरेट कर आस-पास क्षेत्र में विद्युत प्रकाश हेतु पावर सप्लाई करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड द्वारा शुरुआती चरण में 600 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। मौके पर उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के सचिव जितेंद्र सिंह एवं वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अध्यक्ष रविकांत जयपुरिया द्वारा मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग हस्ताक्षर की कॉपी आदान-प्रदान किया गया।

#### मौके पर इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र सिंह, उद्योग निदेशक भोर सिंह यादव, जीयाडा के एमडी शशि रंजन तथा वरुण बेवरेजेस लिमिटेड की ओर से अध्यक्ष रविकांत जयपुरिया, सचिव देवयाणी कानखोजे, चीफ फाइनेंस ऑफिसर प्रदीप गोयल, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर विश्वास अग्रवाल, जनरल मैनेजर ईश सेट्ठी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# हाई कोर्ट में सिपाही से एएसआई में प्रमोशन के मामले में हुई सुनवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड पुलिस के आरक्षियों की याचिका पर सुनवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी। सोमवार को याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने बहस की, जिसके बाद अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से मंगलवार को बहस की जाएगी।न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय और सुभाशीष रसिक सोरेन अदालत में मौजूद रहे। याचिका में पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गई थी, जिसे निरस्त किए बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नई सूची बनाकर बिना आपत्ति निराकरण और आरक्षण का पालन नहीं करते हुए प्रोन्नत कर दिया गया और पदस्थापन भी कर दिया गया। इधर हाई कोर्ट में बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई।मामले में न्यायाधीश दीपक रोशन की कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका सुनने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस याचिका को अन्य सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को पूरक शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। ईडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद अग्रवाल ने हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है।





### संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर इस घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की गई है। वकील अबू सोहैल ने वकील श्रुति बिष्ट के जरिये दायर याचिका में कहा है कि 13 दिसंबर को हुई इस घटना ने संसद की सुरक्षा की पोल खोल दी है। याचिका में मांग की गई है कि इस घटना की सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

**असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद**

अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## संक्षिप्त खबरें

### मृतक के घर पहुंचकर मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग



**धुरकी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटिया गांव निवासी सुकन साव के 50 वर्षीय पत्नी देवकलिया देवी की मौत सोमवार की रात अज्ञात बीमारी से हो गई। परिजनों ने बताया की देवकलिया विगत कई दिनों से अज्ञात बीमारी से ग्रसित थी।वही मृत्यु की खबर सुनकर पंचायत के स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान मृतक के घर पहुंचकर इस दुख के घड़ी में परिवार वाले को ढांढस बनाया तथा आर्थिक सहयोग किया।वही मुखिया ने मृतक के परिजन को सरकारी सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिया। मृतिका अपने पीछे तीन बेटा और तीन बेटीया छोड़ गई है। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि कमलेश सिंह, गणेश यादव, हरिनारायण यादव, तालकेश्वर कोरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केतार मुख्यालय में बैठक आज

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी कोटि के जनप्रतिनिधि, प्रखंड एवं अंचल कर्मी के समक्ष बैठक आहूत की गई है। इस संबंध की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी नंदजी राम ने पत्र जारी कर दिया है।

# कुंबाखुर्द पंचायत में कुल 1152 आवेदन में 145 का हुआ निष्पादन, 1007 लंबित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कुम्बा खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला से आये सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीतीश कुमार, जिला परिषद सदस्य रानी बाला, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार, पंचायत की मुखिया विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार के पहल से हम सभी लोग आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके पंचायत में



आकर आपकी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निष्पादन करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ जरूर उठायें। अपनी समस्याओं से सर्बंधित लिखित आवेदन सर्बंधित विभाग के स्टॉल पर दें। आपकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। शिविर में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था.सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। **कार्यक्रम में कुल 1152 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें :** 145 का त्वरित निष्पादन किया गया जब कि 1007 आवेदन लंबित रहे। विभागों द्वारा गये गये स्टॉल पर अबुआ आवास योजना के 760, आयुष्मान कार्ड के 32, मनरेगा के अंतर्गत नए कार्य के 108, नए जॉबकार्ड के 10, बिरसा हरित सिचाई कूप के 5,राशन कार्ड के 34, धोती, साड़ी, लुंगी वितरण के 7, कम्बल वितरण किया गया 9, सर्व जन पेंशन योजना के 24, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 3, किसान क्रेडिट कार्ड के 16, आधार पंजीकरण के 13, मुख्य मंत्री पशुधन योजना के 17, पेयजल एवं स्वच्छता के 49, स्वास्थ्य जांच किया गया 45, आजीविका के 19, मातृत्व वंदना 1 सहित कुल 1152 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर जे एस एल पी एस के प्रखंड समन्वयक धनंजय कुमार, ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रधान मंत्री आवास स्नेहा सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, बाल विकास पर्यवेक्षिका दीपा कुमारी, सीआरपी शक्ति दास सिन्हा,कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार, वीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पंचायत के महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बना निखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा के सनातन विद्या निकेतन के निदेशक धनंजय पांडेय का पुत्र व झारखंड बिजली बोर्ड के पूर्व चेयरमैन विजय नारायण पाण्डेय का भतीजा निखिल कुमार पांडेय भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर बना है। प्रशिक्षण के बाद 17 दिसम्बर को हैदराबाद में वायु सेना अकादमी में आयोजित कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में निखिल कुमार पांडेय सहित 213 कैडेटों को अधिकारियों के रूप में भारतीय वायु सेना में कमीशन किया गया। निखिल ने बताया कि जनवरी में उसका चयन एयर फोर्स के आफिसर में हुआ था। 17 दिसम्बर को प्रशिक्षण समापन पर परेड आयोजित की गई थी। जिसमें देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों का हौसला बढ़ाने का काम किया। निखिल ने बताया कि अपने पिता धनंजय पांडेय के प्रेरणा से वह प्रारंभिक काल से ही डिफेंस में जाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ा था। निखिल ने कहा कि सफलता के लिए स्थान भी कोई मायने नही रखता बल्कि कही भी रह कर लक्ष्य पर फोकस करते हुए तैयारी करने से सफलता मिलती है। अपने बेटे की सफलता पर निखिल के पिता धनंजय पांडेय ने कहा कि उन्हें भी डिफेंस में जाने की इच्छा थी लेकिन वे नहीं जा सके।

## गूरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की हुई बैठक, ज्ञान महायज्ञ कराने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में जनवरी 2024 में ज्ञान यज्ञ कराने का निर्णय लिया गया। प्रस्तावित ज्ञान यज्ञ रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित किया जायेगा.यज्ञ की शुरुआत आगामी छः जनवरी से होगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित युवा समाजसेवी सह पूर्व विस प्रत्यासी विकास दुबे ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध हो जाता है। लोगों की धर्म में आस्था भी बढ़ती है। उन्होंने ज्ञान यज्ञ में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बैठक में शिवराज मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, शिवकुमार मिश्र, श्रीकांत मिश्रा, मुखराम तिवारी, विजयकांत तिवारी, आशीष मिश्रा, अखिलेश तिवारी, लालमोहन पासवान, डब्लू चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक कमलेश ने विधानसभा में उठाया सवाल

### आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सोमवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में वज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि भुगतान से संबंधित प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि बज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों के मुआवजा की राशि वर्ष 2023-24 में 28 लाख 36 हजार रुपये पलामू जिला को उपलब्ध कराया गया था, जिसका शत प्रतिशत व्यय किया जा चुका है। उन्होंने पूछा की क्या यह बात सही है कि पलामू जिले में वर्णित आवंटित राशि के व्यय के पश्चात वज्रपात में मृत व्यक्तियों एवं पशुओं हेतु मुआवजा के भुगतान के लिए 35 लाख 35 हजार 400 रुपये की राशि के



आवंटन के संदर्भ में उपायुक्त, पलामू ने अपने पत्रांक-186, दिनांक 26.09.2023 के द्वारा सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से पत्राचार किया है। परन्तु 8 दिसम्बर, 2023 तक आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने जानना चाहा कि यदि उपर्युक्त उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वज्रपात में मृत व्यक्तियों के आश्रितों तथा मृत पशुओं के मालिकों को मुआवजे की राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों? उत्तर देते हुए बन्ना गुप्ता मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि पलामू जिला में वज्रपात से मृत व्यक्तियों एवं पशुओं के मुआवजा से संबंधित याचित राशि का आवंटन राज्य कार्यकारिणी समिति के निर्णय के पश्चात कर दिया जायेगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रश्न पर उन्होंने एक महीना के अंदर पलामू जिला को राशि मुहैया करा दी जाएगी।

## प्रियंका कुमारी को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में समूडीह गांव के राजकीयकृत कन्या उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद की छात्रा प्रियंका कुमारी को आज सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला। प्रियंका 10 वीं कक्षा की छात्रा है। प्रियंका के अभिभावक किसान हैं, इनके जीविकोपार्जन का सहारा खेती-किसानी है। पिता के किसान होने के कारण तथा समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण इन्हें पढ़ाई में दिक्कत आ रही थी। प्रचार-प्रसार के माध्यम से इन्हें आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविर के संबंध में जानकारी मिली। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बारे में जानकारी मिलते ही उसने जल्द ही इसके लिए आवेदन दिया तथा उसे योजना के तहत 5000 रूपये राशि का चेक सांकेतिक रूप से प्रदान किया गया। लाभ पाकर प्रियंका ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

## हरिहरगंज कउवाखोह नेशनल पब्लिक स्कूल में हुआ परीक्षा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** कउवाखोह नेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को बच्चों ने वार्षिक परीक्षा के दौरान होम साइंस के परीक्षा मे तरह-तरह के खाने एवं हैंड क्राफ्ट बनाकर शिक्षकों के सामने प्रस्तुत किया और साथ में शिक्षक एवं बच्चों ने साथ में बैठकर वर्ष 2023 के अंतिम महीना को विदाई के रूप में साथ में बैठकर खाना खाए पिकनिक मनाई। बेहतर करने वाले छात्र , छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र मेहता, नेशनल आईटीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन, स्कूल के प्रिंसिपल रवि रंजन वर्मा, शिक्षक विनोद कुमार, सुरेश कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, कुंदन कुमार सिंह, शिक्षिका रामी कुमारी, सोनी कुमारी, शिल्पी कुमारी, सुनीता कुमारी, संध्या कुमारी, सपना कुमारी सहित स्कूल के छात्र आर्यन कुमार ,आदित्य कुमार, नीतीश कुमार, दिव्यांशु कुमार, परवल कुमार, कौशल कुमार, पीयूष कुमार, अंशु कुमार, सोनू कुमार, छात्रा तृप्ति कुमारी, मुनि कुमारी, रीना कुमारी, चंचल कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रीति, कुमारी, प्रिया कुमारी रागिनी कुमारी एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत मुख्यलायमे मे शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, बीडीओ विक्रम आनंद, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मुखिया रौशीला देवी, प्रमुख रंभा कुमार व उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, सिंचाई योजनाओं सहित कुल 830 आवेदन प्राप्त हुआ। अधिकाधिक आवेदन अबुआ आवास योजना का था। शिविर में गई गुरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छ्टाओं को साइकिल खरीदने हेतु चेक प्रदान किया गया। जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मौके पर बीपीआरओ मुकेश कुमार, मुखिया पति घुरा बैठ, पूर्व पंसस गुड्डु पांडेय, ललित पांडेय, संजय दुबे, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल के बच्चे गये शैक्षणिक भ्रमण पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहर के बंजारी स्थित गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल के बच्चे सोमवार को सुरक्षित बस से शैक्षणिक भ्रमण पर पटना गए हैं। स्कूल के निदेशक संजय मेहता ने बताया कि स्कूल के एक सौ बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के लिए पटना गए हैं। पटना में गोलघर, चिड़ियाघर सहित कई दार्शनिक स्थलों पर बच्चों को घुमाया जाएगा, उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी जरूरी है, जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक दोनों विकास होता है, उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से समय-समय पर बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया जाता है। स्कूल के प्रिंसिपल मनीष कुमार ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को काफी कुछ सीखने के लिए मिलता है, शैक्षिक भ्रमण में स्कूली बच्चों के साथ-साथ स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं भी शामिल थे।

## सड़क दुघर्टना में तीन लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** खरौंधी मुख्य पथ स्थित डोमनी पुल के समीप दो मोटरसाइकिल के आपस में टक्कर से तीन लोग घायल हो गए। घायलो में उत्तर प्रदेश के कोण थाना के मटहिनिया निवासी असर्फी उरांव, भाभी मिना देवी, भतीजा रोमांस कुमार का नाम शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल अशर्फी उरांव, रोमांस कुमार को गढ़वा रेफर कर दिया गया है। समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के मेटहडीया गांव निवासी अशर्फी उरांव अपनी भाभी मिना देवी, भतिजा रोमांस कुमार के साथ अपने रिश्तेदार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोण मंडरा के खोह टोला से सोमवार को अपने घर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहें थे। डोमनी पुल के समीप बिपरित दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गया।

## कर्नल कप आखिरी लीग मुकाबले में काजीनगर ने पतरा कला को हराया, क्वार्टर फाइनल मुकाबले मंगलवार से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग चरण के आखिरी दिन भी दर्शकों रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच काजीनगर बनाम पतरा कला के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों ने गोल करने का कई प्रयास किए लेकिन कामयाबी काजीनगर टीम को मिला और काजीनगर ने बड़े ही आसानी से 3 -0 से मैच को अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि महुअरी पंचायत पंसस बद्रीनारायण सिंह व सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन कर खिलाड़ियों को संयम के साथ खेलने का अनुरोध किया। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष डबल सिंह, निर्णायक धीरेन्द्र कुमार बैठा एस एम अकरम जय कुश सिंह बनारसी मेहता व हजारों खेल प्रेमी मौजूद थे। टूर्नामेंट में मंगलवार से क्वार्टर फाइनल नाक आउट मुकाबला बैरांव बनाम लपेया के बीच अपराह्न 2 बजे से खेला जाएगा।

# दिव्यांग शिविर में 42 दिव्यांगों का किया गया पंजीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया। आयोजित शिविर का निरीक्षण अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गोकुल प्रसाद तथा जिला से आये सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक ने किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने



कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उपाधीक्षक ने बताया कि निबंधित दिव्यांगों का जांच जिले के चिकित्सा दल द्वारा मंगलवार को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता प्रमाणपत्र का वितरण भी किया जायेगा। मौके पर जिला के सहायक दिनेश उरांव, अनुमंडलीय अस्पताल के लेखा पाल करुणा कुमारी, प्रधान लिपिक राजेश कुमार सिन्हा, काउंसलर संजय कुमार यादव, एमटीएस विजय कुमार पाठक, ट्रॉमा सेंटर सहायक विपेश राज तामांग, कम्प्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार ठाकुर, संजय कुमार माली, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग और ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ एसडीओ को दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के बंशीधर मोहल्ला के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार पर सितंबर, नवम्बर माह का राशन नही देने तथा धोती, साड़ी, लुंगी वितरण नही करने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग किया है। एसडीओ को दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने लिखा है कि बकाया राशन व धोती,साड़ी, लुंगी मांगने पर डीलर आशा कुँवर द्वारा ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार किया जाता है. जब पदाधिकारी से शिकायत की बात कहा जाता है तो डीलर आशा देवी द्वारा जहाँ जाना है वहाँ जाने की बात कहा जाता है. ग्रामीणों ने डीलर से बकाया राशन के साथ साथ धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण कराने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा है कि बकाया राशन व धोती, साड़ी, लुंगी नही मिलने पर हम सभी आमरण अनशन के लिये बाध्य होंगे। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में अमर नाथ विश्वकर्मा, मंदोदरी देवी, देवेंद्र कुमार,विनोद प्रसाद, नगीना प्रसाद, रंजू देवी, ममता देवी, दुलारी देवी, जितेंद्र प्रसाद,विनोद विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीणों के नाम शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में एक बच्चा सहित 5 लोग हुए घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** थाना क्षेत्र के बैतरी मोड़ पर हुई दो बाइक के आमने सामने में जोरदार टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पा कर खरौंधी पुलिस मौके पर पहुच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा।जहा चिकित्सको ने उनका इलाज किया गया। दुर्घटना के बारे में बताया जाता है कि खरौंधी तरफ से ऋषिकेश गुप्ता, रिशु जयसवाल भवनाथपुर की ओर बाइक से जा रहे थे, भवनाथपुर की ओर से मिठनिया कोन निवासी असर्फी उरांव और पत्नी मीरा देवी बाइक से खरौंधी की तरफ आ रहा थे। दोनो बाइको में टक्कर हो गया।जिससे पांच लोग ग्सम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मिठनिया कोन निवासी असर्फी



उरांव और उनकी पत्नी सहित एक 3 साल का बच्चा, खरौंधी निवासी ऋषिकेश गुप्ता और रिशु जयसवाल के नाम शामिल है।

## जपला धरहरा में इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला धरहरा मदरसा में रविवार को मुस्लिम समाज की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट अजीमुद्दीन अंसारी ने की।आज के परिवेश में मुस्लिम समाज में फैल रही कुरीतियों से लोगों को बचाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज में बुराईयां फैलती है। इसलिए आज के परिवेश में मुस्लिम समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है। इस दौरान इसलाहूल मुस्लेमीन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हाजी अब्बास अंसारी को अध्यक्ष, शिक्षक जुबैर अंसारी को सचिव, शमशेर आलम व मो.अली को उपाध्यक्ष, सुलतान अंसारी को उपसचिव, अब्दुल कुद्दुस अंसारी व इजहार अंसारी को संरक्षक चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन का संकल्प लिया। मौके पर असलम अंसारी, यासीन अंसारी, सगीर अंसारी, बसरुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर हरिनगर में वाटिका आचार्य प्रशिक्षण वर्ग लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हरिनगर (हैदरनगर) में संकुल स्तरीय = शिशु वाटिका आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जपला के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के संकुल सचिव श्री राकेश कुमार तिवारी तथा उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार चंदेल रहे। साथ में विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कृष्ण कांत दुबे, बिलासपुर के प्रधानाचार्य जयंत कुमार, हरिहर गंज के प्धानाचार्य विजेंद्र प्साद, रकसेल तेंदुआ के प्धानाचार्य श्रवण वैद्य, एवं हरिनगर के प्रधानाचार्य विंदेश्वरी सिंह ने कायर्क्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर के प्रारंभ किया। कार्य क्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ किया गया।प्रशिक्षिका के रूप में उषा कुमारी।आचार्या सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला थी। प्शिक्षण वर्ग में छोटे छोटे भैया बहनो को वर्ग में किस प्कार से शिक्षा दिया जाए जिससे बच्चों में विकास हो, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के प्धानाचार्य कृष्ण कांत दुबे ने प्शिक्षण वर्ग में आए आचार्या लोगों को खेल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने का प्शिक्षण दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**रांची :** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत हिंदपीढ़ी स्थित सिटी पब्लिक स्कूल में एक पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वैसे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने 11 नवंबर को कडरू स्थित माही द्वारा हज हाउस में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मेले में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक मसूद कच्छी को मेले से संबंधित मेमोरी फोटो एवं स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से नवाजा गया एवं मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। इस अवसर पर माही के संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता जुनैद अनवर , कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन मुन्ना, शिक्षा संयोजक सरवर इमाम खान, निदेशक मसूद कच्छी ने संबोधित किया। मंच का संचालन माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने किया, उपाध्यक्ष हाजी नवाब,मोहम्मद शकील,मोहम्मद सलाहउद्दीन के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकायें सुम्बुल परवीन,सबा आफरीन, खतीजा परवीन,आसिफ जिया एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थी।

### बिनोद बिहारी महतो को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड विधानसभा परिसर में झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्व. बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं झारखंड विधानसभा एवं सदन की कार्यवाही का अवलोकन करने पहुंचे उत्क्रमित उच्च विद्यालय सकरपदा, मांडर के स्कूली बच्चों से भी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मिले हैं।

# सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों सदन के बाहर कर रहे हंगामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सदन के बाहर हंगामा कर रहे हैं। विपक्ष ईडी के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घेरती नजर आयी।

इसके अलावा भाजपा के विधायकों ने कांग्रेस का काला साम्राज्य, झारखंड को लूट खाने की झामुमो, कांग्रेस और राजद की बीमारी जैसे नारे लिखे पोस्टर लहराये। भाजपा विधायक बिरंची नारायण, शशि भूषण मेहता, अनंत ओझा, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, नीरा यादव और अपर्णा सेन गुप्ता ने सदन के बाहर पोस्टर लहराए। वहीं सत्ता पक्ष के नेता भी हम है जंगल के मालिक, पूंजीपतियों को जंगल बेचना बंद करो, आदिवासी-मूलवासी को जंगल से बेदखल करने की साजिश बंद करो, जंगल हम आदिवासियों का स्वाभिमान इसे बेचना बंद करो जैसे पोस्टर के साथ सदन के बाहर धरने पर बैठे हैं। सत्ता पक्ष में मथुरा महतो, सुदीव्य कुमार सोनू, नीरल पूर्ति, सविता देवी, रामदास सोरेन और समीर कुमार मोहंती सदन के बाहर हंगामा कर रहे थे।




### मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसी के समन की कर रहे अवहेलना नेता प्रतिपक्ष बाउरी

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। सदन के बाहर जहां विपक्ष की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के समन पर हाजिर न होने की बात को लेकर हंगामा हुआ, वहीं सदन के अंदर भी धीरज साहू और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन पर सत्ता और विपक्ष बहस करते दिखे। सबसे पहले प्रदीप यादव के होमगार्ड की बहाली के सवाल के साथ जातिगत जनगणना के सवाल का नेता प्रतिपक्ष ने विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि जैसे ईडी के समन और धीरज साहू के बातों को सदन से कोई लेना-देना नहीं है वैसे ही जातिगत जनगणना की बातों का भी सदन से लेनादेना नहीं होना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि सत्ता पक्ष के विधायकों की तरफ से राजनीतिक एजेंडा को सदन में लाया जाता है। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ईडी के समन पर हाजिर नहीं हो रहे हैं। वो केंद्रीय एजेंसी के समन की अवहेलना कर रहे हैं। अमर बाउरी की बातों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि धीरज साहू के यहां जो राशि मिली है, उसका जवाब आईटी देगा, न कि कांग्रेस पार्टी। उन्होंने कहा कि धीरज साहू का काफी लंबा-चौड़ा पारिवारिक व्यापार है। धीरज साहू कांग्रेस से सांसद जरूर हैं लेकिन उनके यहां मिली राशि पर कांग्रेस को जवाब देने की जरूरत नहीं। साथ ही ईडी के समन पर आलमगीर ने कहा कि ईडी को मुख्यमंत्री की तरफ से जवाब दिया जा रहा है। यह एक कानूनी प्रक्रिया है।

### विस में दूसरा अनुपूरक बजट पेश

झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव ने 8111 करोड़ 75 लाख 15 हजार का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 तक स्थगित कर दी। इससे पहले सदन की कार्यवाही जब 12.33 बजे दोबारा शुरू हुई तो स्पीकर ने भाजपा विधायक अनंत ओझा और भानु प्रताप शाही के लाये गये कार्य स्थगण के प्रस्ताव को अमान्य कर दिया।

### होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया 16 जिलों में पूरी : आलमगीर

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विधायक प्रदीप यादव ने सदन में पांच वर्षों से होमगार्ड के खाली पदों पर बहाली नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बहाली नहीं होने के कारण राज्य के नौजवान अवसर से वंचित हैं। जिलों में पुलिस बल की कमी हो रही है। इस पर सरकार की ओर से मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब दिया कि झारखंड के 16 जिलों में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बाकी जिलों में बहाली की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही उन जिलों में बहाली हो जायेगी।

### एक महीने में दी जायेगी मुआवजा राशि : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने सदन में कहा कि पलामू जिले में वज्रपात से मरने वाले लोगों और पशुओं के लिए आवंटित मुआवजा राशि का एक महीने के अंदर भुगतान कर दिया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक कमलेश सिंह के अल्प सूचित सवाल पर यह आश्वासन दिया। विधायक ने सरकार से पूछा था कि पलामू में वज्रपात से मृत व्यक्तियों और पशुओं के लिए मुआवजा के भुगतान के लिए कुल 35 लाख 35 हजार 400 की राशि आवंटित करने के लिए पलामू डीसी ने आपदा विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अबतक आवंटन नहीं मिला है।

### प्रदीप यादव ने सदन में जातिगत जनगणना का मामला उठाया

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि पांच महीने में अधिकारी पता नहीं लगा पाये कि कौन सा विभाग जाति जनगणना करायेगा। इसके बाद विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री का ईडी के समन को दरकिनार करना चिंतनीय, राज्य में अराजकता की स्थिति है। सरकार को क्यों इस्तीफा नहीं देना चाहिए। इसपर बहस कराया जाये।

इससे बाद भाजपा विधायक वेल में आकर धीरज साहू मामले को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामा के बीच ही स्पीकर ने शून्य काल की सूचनाएं ली। स्पीकर ने हंगामा कर रहे भाजपा विधायकों को चेतावनी दी और कहा कि आसन को उत्तेजित मत करिए। आपने देखा न पार्लियामेंट में आसन उत्तेजित हुआ तो क्या हुआ। इसके बाद भाजपा विधायक वेल से वापस सीट पर लौट गये थे।

## पूर्व मंत्री डॉ षाड़ंगी ने अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी ने सोमवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष को उनके आवास पर अपनी लिखित उड़यि भाषा की पुस्तक और फूलों का गुलदस्ता देकर आलम को आयोग के उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

षाडंगी ने बधाई देते हुए यह मांग भी किया कि राज्य में उड़िया भाषा का विकास पर ध्यान दिये जाने की बहुत जरूरत है और जिन विद्यालयों में उड़िया भाषा की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, आयोग के माध्यम से उन विद्यालयों में उड़िया भाषा की पुस्तक उपलब्ध कराने एवं विद्यालयों में भाषा विसंगति को सुधार कर शिक्षकों की पदस्थापन करवाने की मांग भी की। साथ ही श्री षाड़ंगी ने उड़िया उच्च विद्यालय, खंदामौदा, बहरागोड़ा की 84वॉ वर्षगॉठ पर 31 जनवरी को आयोजित आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भी आमंत्रण दिया ।

## अल्पसंख्यकों को भी सारे मुकदमे से मुक्त किया जाए : डॉ इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज झारखंड विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शून्य काल के माध्यम से झारखंड के अल्पसंख्यकों का मामला उठाते हुए कहा कि झारखंड के सरायकेला खरसावां में साल 2019 के चर्चित तबरेज अंसारी मॉब्लिंचिंग मामले में सभी दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। साथ ही साथ पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ भाजपा नेता नूपुर शर्मा द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ रांची के मैन रोड में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस फायरिंग की गई एवं लगभग दस हजार लोगों पर फर्जी केस मुकदमा



दर्ज कर दिया गया जो सरासर गलत है। दोनों ही घटना की जांच होनी चाहिए न की बेकसूरों को फर्जी मुकदमा कर उन्हें परेशान किया जाना चाहिए। इस पूरे घटना से पूरे अल्पसंख्यक समाज में भारी रोष,नाराजगी और भय का माहौल है।

आगे विधायक जी ने कहा कि इस तरह के कई अन्य मामले हैं जिसमें एक विशेष समुदाय को टारगेट कर फसाया गया है। ऐसी परिस्थिति में सदन के माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि पत्थलगड़ी मामले में जिस प्रकार कैसे झेल रहे हजारों लोगों का मुकदमा वापस लेने का ऐतिहासिक फैसला सरकार ने लिया है ठीक उसी प्रकार उपरोक्त मुकदमा झेल रहे अल्पसंख्यकों को भी सारे मुकदमे से अभिलंब मुक्त कर देना चाहिए।

सदन में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी की बातों को गंभीरता से लेते हुए अभिलंब मामले को संज्ञान में लिया और इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।

## समाजसेवी जूही परवीन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा कार्यालय में खूंटी जिला की कर्मठ समाजसेवी जूही परवीन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और उन्हें प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने उन्हें माला पहना कर बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस प्रोग्राम में पूर्व उपमेयर संजीव विजयवर्गीय, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन कमाल खान, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष सोना खान, प्रदेश महामंत्री ताजदार आलम और प्रदेश मंत्री डॉक्टर आरिफ नासीर बट मौजूद थे। जूही परवीन ने कहा की वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार धाराओं से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रही है।

## घायल थाना प्रभारी को देखने पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी पहुंचे अस्पताल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गढ़वा जिले के रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को नक्सली मुठभेड़ में एक गोली सीने में छूकर कलाई पर लगी। बुलेट प्रूफ के वजह से उनकी जान बच गई। बेहतर इलाज के लिए उन्हें राँची महावीर मेडिका में भर्ती किया गया है । उक्त पुअनि को देखने के लिए झारखंड सरकार के स्वच्छ एवं पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और प्रांतीय संयुक्त सचिव मो महताब आलम एवं प्रांतीय सयुंक्त सचिव रंजन कुमार , सदर थाना प्रभारी



लक्ष्मीकांत, सदस्य गिरीश कुमार ओझा वहां पहुंचे। झारखंड सरकार के मंत्री के द्वारा कहा गया कि सरकार की तरफ से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया और उनके परिवार वाले भी मौजूद थे।उक्त पुअनि के परिवार को मुख्यालय द्वारा सहायता राशि 50,000(पचास हजार)की सहायता राशि दिया गया एवं उनको आश्वासन दिए कि उनके साथ पूरी प्रांतीय टीम उनके दुख के साथ खड़ी है और जो भी मदद होगी वह हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मो महताब आलम सहित कई पुलिस कर्मी गण मौजूद थे।

## राज्य के सरकारी स्कूलों में 20 से शुरू होंगी अर्धवार्षिक परीक्षाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सभी सरकारी, मॉडल और अल्पसंख्यक सहित गैर सरकारी सहायता प्राप्त व मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक की अर्धवार्षिक परीक्षा 20 से 23 दिसंबर तक होगी। इस विषय पर परियोजना निदेशक ने पत्र जारी किया है। जानकारी के मुताबिक कक्षा एक और दो के लिए मौखिक परीक्षा और कक्षा तीन से आठ तक के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। खंड तीन से आठ तक के प्रश्न वस्तुनिष्ठ, अति लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय होंगे। कक्षा एक से आठ तक के हर सब्जेक्ट के एग्जाम के लिए 60 मार्क्स तय है। लेकिन कक्षा छह से आठ तक के मैथ्स, साइंस, सोशल साइंस के लिए लिखित कार्य के लिए 50 मार्क्स और प्रोजेक्ट कार्य के लिए दस अंक तय है तथा 40 मार्क्स आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर दिए जाएंगे। प्रोजेक्ट रेल के तहत अगस्त से नवंबर तक लिए गए संबंधित विषयों के औसत अंकों को आंतरिक मूल्यांकन को आधार माना जाएगा। प्राप्त सभी अंकों को मिलाकर रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। पहली राउंड में परीक्षा सुबह 9ः30 बजे से 11ः30 बजे तक होगी। वहीं, दूसरी राउंड की परीक्षा दोपहर 12ः30 बजे से लेकर 2ः30 बजे तक होगा। परीक्षा मुद्रित प्रश्न पत्र सह उत्तर पुस्तिका के जरिए से आयोजित की जाएगी।

इसमें सभी छात्रों को उत्तर लिखना होगा। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, रांची ने अर्धवार्षिक परीक्षा के समय सारिणी जारी कर दी है। परीक्षा के बाद दो से सात जनवरी तक संकुल स्तर पर मूल्यांकन कार्य किया जाएगा, जिसमें एक संकुल के सभी स्कूलों के प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाओं की जांच दूसरे संकुल में की जाएगी। मूल्यांकन कार्य बीईईओ की छत्रछाया में होगा। 10 जनवरी तक स्कूल लेवल पर रिपोर्ट कार्ड को तैयार कर वितरण किया जाएगा। वहीं, 15 जनवरी तक विद्यालयवार, कक्षावार, विषयवार, छात्रवार एवं समूहवार अंक ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

## कश्मीरी युवाओं ने पाचवे दिन पतरातू में आनन्द लिया एवम आईएचएम में खान पान के तरीके सीखे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से प्रदान कार्यक्रम के तहत पाचवे दिन कश्मीर के छः जिले से 122 युवाओं ने पतरातू रिसोर्ट में क्रूज का भरपूर आनंद लिया। उसके बाद आई एच एम में आई एच एम के प्राचार्य एवम उनके टीम के द्वारा अतिथियों एवम कश्मीरी युवाओं का पुष्प एवम गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया । एवम खान पान के बारे में पूरी जानकारी दी एवं मेहमान-नवाजी के बारे में भी बताया एवम उनसे कश्मीरी खानपान तरीके को भी जाना। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एन वाई के एस ओम प्रकाश कुशवाहा, नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह, वाई बी एन के डीन डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ शमीकेश रॉय, कॉर्डिनेट कौशल किशोर, डॉ ब्रजेश कुमार ,विवेकानंद यूथक्केक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ,एन वाई के से गौरव चुघ ,याई बी एन से डॉ संजय कुमार, डॉ आर एन बिरंचि आदि लोग उपस्थित थे। अंत मे कश्मीरी युवाओं ने भी अपनी कश्मीरी संस्कृति को दर्शाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने लिए उपनिदेश ने प्रचार्य डॉ भूपेश कुमार एवम उनके पूरी टीम को धन्यबाद दिया। साथ ही साथ रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### महिला मोर्चा कांग्रेस कमेटी का सम्मेलन 27 को

**रांची :** बुढ़मू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से 27 दिसम्बर को महिला मोर्चा कांग्रेस कमेटी का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय में होगा। सम्मेलन के लिए प्रखंड को तीन जोन में बांटा गया है । प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू ने सोमवार को बताया कि प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत एवं विस्तार करने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।



## आदिवासी समुदाय की महिला को खंभे में बांधकर पीटने की रिपोर्ट सौंपा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डा. आशा लकड़ा कर्नाटक ने बेलगावी स्थित वंतामुरी गांव में आदिवासी समुदाय की महिला को निर्वस्त्र कर घूमने व बिजली के खंभे में बांधकर मारपीट किए जाने के मामले को लेकर गठित तथ्यान्वेषी की पांच सदस्यीय टीम ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंपा। 11 दिसंबर की रात घटित इस घटना को लेकर पांच सदस्यीय टीम पिछले शनिवार को वंतामुरी गांव



पहुंची थी। जांच के क्रम में टीम में शामिल सदस्यों ने पीड़िता से घटना की जानकारी लेने के साथ-साथ उसके स्वजनों व ग्रामीणों से भी बात की थी।

इसके बाद जांच टीम में शामिल सदस्यों की ओर पुलिस पर दबाव बनाया गया तो इस मामले को लेकर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में क्रिमिनल केस से संबंधित धारा को जोड़ा गया।

जांच टीम में शामिल सदस्यों के अनुसार, पुलिस ने इस मामले को लेकर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में सामान्य केस दर्ज किया था। जांच टीम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डा. आशा लकड़ा, अपराजिता सारंगी, सुनीता दुग्गल, रंजीता कोली व लॉकेट चटर्जी शामिल थीं।

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि मुझे सूचना मिली कि आनंदपुरी चौक में दो अपराधी बाइक व स्कूटी, जो चोरी का है, उसको बेचने के लिए घूम रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक, नगर राजकुमार मेहता के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक हटिया एवं पुनि सह थाना प्रभारी अरगोड़ा के नेतृत्व में गठित छापामारी दल संध्या समय 17.30 बजे गश्ती दल के साथ आनंदपुरी चौक पहुंचे तो पुलिस दल को देखकर दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे तो उन्हें पुलिस बल के द्वारा बाइक एवं स्कूटी समेत पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम सुभाष कुमार, वासेपुर धनबाद, वर्तमान अरगोड़ा चौक के पास एवं रवि लोहरा बतलाये एवं बताये कि दोनों गाड़ी चोरी का है, जिसे हरमू हाउसिंग कॉलोनी एवं भारत माता चौक से चोरी किए हैं, जिसे बेचने के लिए घूम रहे थे। ये बताये कि इनके साथ इमली चौक का सूरज केरकेट्टा, डीपाटोली का राहुल उर्फ श्रीकेश एवं इलाहीनगर का तबरेज अंसारी भी



चोरी के काम में सहयोगी हैं। ये बताये कि ये दोनों अरगोड़ा थाना एवं सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी करते है। बाइक पुनदाग, डीपाटोली के राहुल को देते हैं। राहुल और तबरेज जो इलाहीनगर का है, मिलकर बाइक को बेचने का काम करते हैं। इनके बताये अनुसार राहुल तबरेज एवं सूरज को गिरफ्तार किया गया एवं इनके निशानदेही पर और 04 बाइक बरामद किया गया। पूछने पर ये बताये कि राहुल और तबरेज मिलकर गाड़ी का रजिस्ट्रेशन न0 बदलकर अपने को श्रीराम फाइनेंस का फाइनेंसर बताकर चोरी किये मोटरसाइकिल का बिकी करते हैं। इस गिरोह के सदस्यों के निशानदेही पर अबतक कुल 06 मोटरसाइकिल / स्कूटी बरामद किया गया है। काला रंग का होण्डा साइन , काला रंग का पैशन प्रो जेएच01 डीबी 8082 जेएच09 एयू 1921, ब्लू रंग का एक्टिवा स्कूटी जेएच01 ईआर 1541,हरा, काला रंग का ग्लैमर मोटरसाइकिल जेएच 01 सीके 1459, ग्रे रंग की होंडा डियो स्कूटी जेएच 01 सीएम 3236 एवं मोबाइल पांच।

**छापामारी दल का सदस्य:** डीएसपी हटिया, राजा मित्रा, पुनि सह थाना प्रभारी, बृजकुमार, पुअनि आसित लकड़ा पुअनि इन्द्रदेव रजक, पुअनि विवेक कुमार पुनदाग ओपी प्रभारी पुअनि कृष्णा कुमार, पुअनि आकाश कुमार, पुअनि अनिमेष शांतिकारी शामिल थे।

## निगम के दो वार्डों में 40 आवेदनों का हुआ ऑन स्पॉट निपटारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 39 और वार्ड नंबर 40 में कुल 40 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 226 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में



होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** अंतराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर मांडर प्रखण्ड परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समीम अख्तर ने किया। इस बीच मुख्यअतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते हुए शाहिद हसन ने कहा संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1992 में विश्व स्तर पर प्रत्येक वर्ष अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाने की घोषणा करते हुए 18 दिसंबर का दिन मुकर्रर किया था। इस आयोजन के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों के हक अधिकारों की रक्षा तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा के साथ ही उनकी भाषा जाति धर्म और



संस्कृत परंपरा की हिफाजत सुनिश्चित करने की प्रतिज्ञा दुहराई गई। वहीं समाजसेवी आबिद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने अधिकार को जानते नहीं, हमलोगों के ऊपर शोषण किया जा रहा है और हम शोषण होते आ रहे हैं। आज हमारे हक की बात रखने को कोई आगे नहीं, जिसकी वजह हम खुद है। हमे अपने अधिकारों को जानना होगा। वहीं आज प्रखंड में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण होना है लगभग 14 करोड़ 75 लाख का फंड आ चुका है लेकिन बनने नहीं दिया जा रहा है। हमलोगों ने दो बार इस विषय को लेकर अंचल अधिकारी मांडर से मिलकर ज्ञापन सौंपा। हमने अंचल अधिकारी से कहा कि मांडर के बंझिला गाँव मे 16 एकड़ जमीन में 5 एकड़ आवंटन कर इस योजना का निर्माण कराने की बात कही लेकिन अबतक इसका कोई पहल नहीं हुआ। इस तरह का कई मामला प्रखंड में आता है उसे समझना होगा। हमे अपना संगठन को मजबूत करना होगा। वहीं समीम अख्तर ने कहा कि किसी भी देश में रहने वाले ऐसे समुदाय जो संख्या की दृष्टि से कम हो और सामाजिक राजनीतिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर हो जिसकी प्रजाति धर्म भाषा चलो साफ कर दो अरे यार बहुसंख्यकों से अलग होते हुए भी राष्ट्र निर्माण विकास एकता सांस्कृतिक परंपरा और राष्ट्रीय भाषा को बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे हैं तो ऐसे समुदायों को उस राष्ट्र राज्य में अल्पसंख्यक मानी जानी चाहिए।

## शहीद जीतराम बेदिया को अमर शहीद का दर्जा दिया जाए : राजेश कच्छप

**नामकुम :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने झारखण्ड विधान सभा के शीतकालीन सत्र में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रांची जिलान्तगर्त ओरमांझी प्रखण्ड के गगारी गांव में जन्मे जीतराम बेदिया को अमर शहीद का दर्जा देने की मांग रखी। विधायक राजेश कच्छप ने सरकार से पुछा कि 23अप्रैल 1858 के घनघोर संघर्ष के बाद ब्रिटिश हुकूमत ने मौत के घाट उतार दिया तथा ऐसे वीर महापुरुष पराक्रमी सेनानी को शहीद का दर्जा नहीं दिया गया। जिसके उत्तर में सरकार विषय के प्रति संवेदनशील है तथा इस संबंध में विशेषज्ञ समिति से जांच कराकर फलाफल के आधार पर समूचित निर्णय लिये जाने की आश्वासन मिला है।

## चतरा जिला वुशु प्रतियोगिता मे सरना एकेडमी कुसूमटोला बना चैम्पियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल एनके एरिया के केन्द्रीय विधालय डकरा मे आयोजित 16वां चतरा जिला वुशु प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन किया गया।इस प्रतियोगिता मे पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र से लगभग 100 वुशु खिलाड़ियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता मे सरना एकेडमी कुसुमटोला पिपरवार के खिलाड़ियो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरे प्रतियोगिता मे पांच स्वर्ण पदक,छः रजत और चार कास्य पदक प्राप्त कर 16 वां चतरा जिला वुशु प्रतियोगिता का ओभरऑल चैम्पियन बना।वहीं न्यु मार्डन इंगलिश मिडियम स्कूल न्यु मंगरदाह पिपरवार के खिलाड़ियो ने तीन स्वर्ण पदक,चार रजत और तीन कास्य पदक के साथ उप विजेता बना,जबकि आक्सफोर्ड स्कूल बहेरा पिपरवार ने दो स्वर्ण पदक, तीन रजत और दो कास्य पदक के साथ तृतीय स्थान पर रहा।विजेता और उपविजेता बनी स्कूल की टीम को अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय वुशू निर्णायक रौशन रजक और भारतीय सीमा



सुरक्षा बल के जवान और राष्ट्रीय वुशू निर्णायक विशाल गंझु ने किया।वुशु संघ के सचिव सह कोच रजी अहमद ने बताया कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन होने से खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है और उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने सभी वुशु खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगे भी वुशु के क्षेत्र मे बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र स्कूल और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर कोच रजी अहमद,रौशन रजक,विशाल गंझु, समाजसेवी गणेश भुइयां, मोहम्मद जुलफान सहित काफी संख्या मे वुशु खिलाड़ी मौजुद थे।

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 22 दिसम्बर 2023
### सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची द्वारा दिनांक 22.12.2023 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से 04:00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची में रोजगार मेला 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के निम्नांकित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Medanta Abdur Razzaque Memorial Hospital, NH-33, Irba, Ormanjhi, Ranchi | Staff Nurse | 10 | B.Sc Nursing/GNM Nursing | 18-30 | Negotiable | 51 | |
| | | Pharmacist | 2 | B.Pharma/D,Pharma | 18-30 | Negotiable | More than 3 yr exp. | |
| 02. | Rani Hospital, Infront of Governor House Behind Machli ghar Booty Road, Ranchi-834001 | Nurse | 8 | GNM | | As per Federal Law/Labour Law | - | Please Bring All Educational & Experience Certificate |
| | | OT Technician | 1 | Diploma with OT Technician With Registration | | | | |
| | | Receptionist | 1 | Graduate | | | Experiencein Front | |
| | | Ward Girl | 2 | 12th | | | | |
| 03. | Manjula Enterprises Pvt. Ltd. | Accounts Executive | 1 | B.Com, I.Com | - | 15000+PF & ESI | 2-3 yrs | |
| 04. | TK Construction & Services pvt. Ltd., parsudih Jamshedpur | Field Executive | 25 | 12th | 18-45 | 12000-15000 | Fresher | Male/Female Ranchi District |
| | | Civil Helper | 50 | 10th | 18-45 | 12000 | Fresher | Male Only, Lodging+Fooding free(Vishakhapatnam |
| | | Telle-caller | 5 | Graduate | 18-30 | 10000 | 1 year | Female Only Ranchi |
| | | Placement Coordinator | 2 | MBA | 20-30 | 12000-15000 | 1 year | Lodging Free, Female, Bokaro/Jamshedpur/Dhanbad |
| | | Personality Development Trainer | 1 | ITI | 20-30 | 12000-15000 | 1 year | Lodging Free, Female, Bokaro/Jamshedpur/Dhanbad |
| | | Fitter/Welder | 10 | Diploma/B.Tech | 20-45 | 12000-20000 | 2 year | Male, JNTVTI Trained Must, Jamshedpur/A.P |
| | | Civil /Mechanical Site supervisor | 3 | ITI All Trade | 20-45 | 15000-18000 | 2 year | Male, JNTVTI Trained Must, Jamshedpur/A.P |
| | | Technical Helper | 50 | Non Matric | 18-45 | 10000-12000 | 6 month | Jharkhand/W.Bengal/Orrisa/Punjab/Pune |
| | | Mason/ Carpentar | 50 | Non Matric | 20-45 | 20000 | 1 year | Vishakhapatnam |
| | | Bar Bender | 25 | Non Matric | 20-45 | 20000 | 6 month | Vishakhapatnam |
| | | Computer Operator (M/F) | 25 | Graduate/Inter | 20-40 | 8000-15000 | 6 month | Home Based (M/F) |
| | | Data Entry Operator (M/F) | 25 | Graduate/Inter | 20-40 | 6000-10000 | Fresher | Home based (M/F) |
| | | Business Development Officer | 5 | Graduate | 20-45 | 15000-20000 | 6 month | Smart Phone Must |
| | | Rebar Fitter | 40 | Matric | 20-55 | 15000-20000 | 6 month | |
| | | Rigger | 25 | Matric | 20-55 | 15000-20000 | 6 month | Vishakhapatnam |
| | | Khalasi/Labour | 50 | Non matric | 20-55 | 15000 | 6 month | Vishakhapatnam |
| | | Bangali Telecaller (Female/Male) | 50 | Matric/Inter | 18-45 | 5000-6000 | Fresher | Vishakhapatnam |
| | | On Boarding Staff | 25 | Graduate/Inter | 18-45 | 12000 | Fresher | Ranchi District |
| | | Delivery Boy | 25 | Matric | 18-45 | 12000 | Fresher | Ranchi District |
| 05. | M/S Commando Industril Security Force At New Forest Colony Beside Vision Enclave Apartment Hurhuru Road, Hazaribagh, Jharkhand | Security Guard | 12 | Matric | 21-45 | As per the Jharkhand Government Notification-Minimum Wages | 1 year Minimum | - |
| | | Cook | 1 | Non/8th pass | 21-45 | As per the Jharkhand Government Notification-Minimum Wages | 2 year minimum | - |
| 06. | Vijana Employable Skill Pvt. Ltd., 10/42, Newyork Trade Centre, Opp Muktidhan, Derasar SG Highway, Ahmedabad, Gujrat-320054 | Tranee at TML Sanand | 250 | 12th with math or ITI in Mechanical, Electrical, Electronics Automobiles Trades | 18-23 | 13850/- | Fresher/Experience both | Male and Female |
| | | Trainee at Dixon Technology Noida | 150 | 10th, 12th, ITI, Diploma (ITI in COPA not Eligible Diploma in IT CS Not Eligible) | 18-30 | As Per Qualification | Fresher/Experience both | Only Male |
| | | Trainee at TPI Composite Chennai | 200 | 12th. ITI, Diploma, BE and any Degree | 18-27 | 14,200/- (Basic)+2000/- (Attendance Bonus) | Fresher/Experience Both | Male and Female Both |
| 07. | Smollan India Pvt. ltd., Dakshina, 5th Floor, Plot No-2, Sector 11, CBD Belapur, Navi Mumbai-400614 | Marketing Executive | 10 | 12th/Graduate | 21-40 | 11,912/-Gross+Monthly Incentive+Travelling Allowance | 0-4 years | We are Looking for Mainly female Candidates |
| 08. | TVS Supply Chain Solution Limited, | Helper | 150 | - | 18-25 | 11300/- | - | |
| | | ITI Helper | 100 | - | 18-25 | 12500/- | - | |
| 09. | Cambridge Institute of Technology, Tatisilway, Ranchi -835103 | Assistant Professor | 07 | B.E/B.Tech, M.E, M.Tech in Relevant Branch | 24-NA | 15600-39100With AGP 6000/- | 0 | As Per AICTE Norms 2019 |
| | | Associate Professor | 12 | B.E/B.Tech, M.E./M.Tech PH.D With 8 years in Relevant Branch | 24-NA | 137400-67000 with AGP-9000/- | 8 years (2 years post Ph.D.) | As Per AICTE Norms 2019 |
| | | Professor | 02 | B.E/B.Tech, M.E/M.Tech, Ph.D With 10 Years Relevant Branch | 24-NA | 37400-67000 WITH agp-10000/- | 10 YRS (3 YEARS AT Associate Professor) or Equivalent | As per AICTE Norms 2019 |
| | | Laboratory Technician | 02 | Diploma in Computer Science & Engg. | 20-NA | 15525/- | 0 | - |
| | | Laboratory Technician | 02 | Diploma in Electronic & Communication Engg. | 20-NA | 15525/- | 0 | - |
| | | Laboratory Technician | 02 | Diploma In Electricial & Electronics Engg. | 20-NA | 15525/- | 0 | - |
| 10. | Amity University, HEC Core Capital Area, Near Railway Crossing Pundag, Ranchi-835303 | Professor | 1 | Master's & PhD/ERP/Tech Savvy | 35-45 | As Per the Past Experience and Recommendations of selection Committee | 10 | Teaching Post |
| | | Professor | 1 | Master's & PHD | 35-45 | As Per the Past Experience and Recommendations of selection Committee | 10 | Teaching Post |
| | | Professor/Director (Law) | 1 | Ph.D Degree | 35-45 | As Per the Past Experience and Recommendations of Selection Committee | 10 | Teaching Post |
| | | Associate Professor | 1 | Master's & PhD | Below 40 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 8 | Teaching Post |
| | | Associate Professor | 1 | Master's & PhD | Below 40 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 8 | Teaching Post |
| | | Associate Professor | 1 | Master's & PhD | Below 40 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 8 | Teaching Post |
| | | Associate Professor | 1 | Master's & PhD | Below 40 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 8 | Teaching Post |
| | | Assistant Professor | 1 | Master's & PhD | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Teaching Post |
| | | Assistant Professor | 1 | Master's & PhD | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Teaching Post |
| | | Assistant Professor | 1 | Master's & PhD | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Teaching Post |
| | | Assistant Professor | 2 | Master's & PhD | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Teaching Post |
| | | Assistant Professor | 1 | Master's & PhD | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Teaching Post |
| | | Assistant Professor | 1 | Master's & PhD | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Teaching Post |
| | | OSD/Personal Assistant to Vice-Chancellor | 1 | Post Graduate | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Teaching Post |
| | | Legal Compliance Officer | 1 | LLB with Masters | 28-35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Non Teaching Post |
| | | Executive-Electrical & Fire maintenance | 1 | Diploma with Sound Knowledge of Substation Operation & Fire Safety of 33 KVA Line | 25-35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 2 | Non Teaching Post - Administration Department |
| | | Executive Civil | 1 | B.Tech/Diploma Civil | 25-35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 2 | Non Teaching Post - Administration Department |
| | | Executive Admin | 3 | Graduate | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 3 | Non Teaching Post - Administration Department |
| | | Academic Coordinator | 3 | Graduation/PG/MBA Preferred | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 2 | Non Teaching Post - Administration Department |
| | | Executive | 1 | Graduation | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 3 | Non Teaching Post - Administration Department |
| | | Librarian | 1 | A Master Degree | 35-40 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 10 | Non Teaching Post |
| | | Deputy Librarian | 1 | A Master Degree in Library Science | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 8 | Non Teaching Post |
| | | Assistant Librarina | 1 | Master Degree in Library Science | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Non Teaching Post |
| | | Front Office Executive | 1 | Graduation | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 2 | Non Teaching Post |
| | | Hostel Supervisor | 2 | Graduate/Diploma in Hospitality Management | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Non Teaching Post |
| | | Hostel Caretaker | 2 | Graduate/Diploma in Hospitality Management | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 2 | Non Teaching Post |
| | | Security Supervisor | 1 | Graduate | Below 45 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 10 | Non Teaching Post |
| | | Manager-Placement | 1 | PG Degree | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 10 | Non Teaching Post |
| | | Assistant Manager-Placement | 1 | PG Degree | Below 30 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Non Teaching Post |
| | | Placement Officer | 1 | PG Degree | Below 25 - 30 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 3 | Non Teaching Post |
| | | Officer Executive | 1 | Graduate | 25-30 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 3 | Non Teaching Post |
| | | Resident Doctor | 1 | MBBS | Below 45 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 5 | Non Teaching Post |
| | | Nurse | 1 | GNM/ANM | Below 35 | As per the past Experience and Recommendations of Selection Committee | 3 | Non Teaching Post |
| 11. | LIC Of India, Cab Ranchi Branch Radheshyam Lane Bishnu Gali Behind Mahavir Mandir Main Road Ranchi | UCA | 150 | HSC | 21-35 | 10000 | - | - |
| 12. | Time Technoplast Ltd, Bangalore Malur Industril Area, Karnataka, India | Helper (Skilled & Unskilled both) | 150 | 8th/10th/12th | Max 28 years | Rs, 16824/- gross with Attendance Bonas+Over Time :- 120/HRs. | - | Only Boys, ITI/Vocational |
| 13. | Pranabnaman Minerals pvt. Ltd., 201 B Block Estate Squire Apartment, Dipatoli Ranchi, Jharkhand | Sales Executive (For Ranchi-Latehar Location) | 2 | Graduation/MBA In Marketing | 23+ | CTC-15K-25K Monthly. | 2-4 Years | Candidate Should have will knowledge in sales & Marketing. Candidates should have sales experience in tyre sales of heavy vehicles and machinery. CTC-15K-25K Monthly. |
| | | Accountant | 1 | Graduate/Cost Accounting Taxation Tally GST, TDS E-Invoice | 23+ | CTC-15K-23K Monthly | 3-5 Years | Candidates Should Have Wide Knowledge in Accountancy & Taxation. Able to make day to day accounts of debtor & creditor Bank Reconciliation Tax Reconciliation & Filling. Should have good Legal & Professional Knowledge. |
| | | MIS Executive | 1 | 12th ADCA SAP ERP | 23+ | CTC-15K-18K Monthly | 2-3 Years | Candidate Should have very sound in computer and excel. Expert in MIS Reporting and Excel Formulas. Should have experience in reporting and report analysis. Expert in Preparation of Presentation. |
| 14. | Radisson Blu Hotel, Ranchi, Opp Chamber of Commerce, Main Road Kadru Diversion, Ranchi-834001 | GSA (Steward) | 2 | Hotel Management | 18-25 | 11000-13000 | 1+ yrs | |
| | | GSA (Housekeeping) | 1 | Hotel Management | 18-25 | 10000 | Fresher | |
| | | Carpenter | 1 | 12th pass | 18-35 | 13,000 | 2+ Yrs | |
| 15. | Raj Hospital, Main Road, Ranchi-834001 | Executives | 4 | Graduate/BHM | 25-30 | 10000/- | - | - |
| | | Medical Responsibilities | 4 | MBBS | 25-30 | 40000/- | - | - |
| | | Ward Boy/Ward Girl (Housekeeping) | 10 | 10th/12th | 25-30 | 9200/- | - | - |
| 16. | The Waxpol Industries Ltd., HB Road Tatisilwai, Ranchi-835217 | Electrician | 01 | ITI Electrical | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| | | Chemist | 01 | M.Sc (Chemistry) | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| | | Accountant | 01 | B.com/M.Com | 20-30 | As per industrial Practice | | |
| | | Welder | 01 | ITI in Welding Stream | 20-30 | As per industrial Practice | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा _ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें, एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अंतर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरूद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रूप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

रिक्ति की विस्तृत विवरणी ranchi.nic.in पर देखी जा सकती है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।

PR.NO.313741 Labour Employment and Traning(23-24):D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# फिर डराने लगा कोरोना

कोरोना महामारी से मचे तबाही को अभी ज्यादा समय नहीं बीता है. महज तीन साल पहले ही लगभग पूरी दुनिया ने इस महामारी का भयानक रूप देखा था, जिसमें लाखों लोग मारे जा चुके हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि पिछले वर्षों में लगभग 1.5 करोड़ लोग कोरोना वायरस से व स्वास्थ्य प्रणालियों पर इसके कुप्रभाव से अपनी जान गंवा चुके हैं. ज्यादातर मौतें दक्षिण पूर्व एशिया, यूरोप और अमेरिका में हुई. डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कोविड से 47 लाख मौतें हुई हैं. हालांकि ज्यादातर देशों में कोरोना वैक्सीन आने के बाद यह महामारी काबू में आ चुकी है, लेकिन कई देशों में अब भी इस वायरस की चपेट में आकर लोगों के मरने के केस मिल रहे हैं. ऐसे में अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे कोरोना महामारी का खौफ फिर से फैलता दिख रहा है. कोरोना वायरस का एक और नया वैरिएंट भारत में दस्तक दे चुका है. कोविड-19 के एक सबवैरिएंट जेएन.1 का पहला मामला केरल में सामने आया है. जानकारी के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से नियमित अभ्यास के रूप में राज्यों में सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति की निगरानी कर रहा है. केरल में 79 वर्षीय महिला के सैंपल में आरटी-पीसीआर टेस्ट में पॉजिटिव आया था. महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों के हल्के लक्षण थे और कोविड-19 से उबर चुकी थीं. केरल में कोविड के नए वैरिएंट का केस सामने आने के बाद स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने इमरजेंसी बैठक की. इसमें अधिकारियों को मास्क, ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाओं और अन्य आवश्यक वस्तुओं के साथ तैयार रहने और स्टोर करने का निर्देश दिया गया. ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई कमी न हो. साथ ही बैठक में तय हुआ कि केरल से लगी सीमा बंद नहीं की जाएगी. स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा,हमें मॉक ड्रिल करनी होगी और किसी भी चीज के लिए तैयार रहना होगा. यदि कोई पुनरावृत्ति होती है तो हमें तैयार रहने की जरूरत है. हमने मास्क, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि सब के लिए तैयारी कर ली है. इससे पहले, सिंगापुर में एक भारतीय यात्री को भी जेएन.1 सब-वैरिएंट का पता चला था. वह व्यक्ति तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले का मूल निवासी था और उसने 25 अक्टूबर को सिंगापुर की यात्रा की थी.तिरुचिरापल्ली जिले या तमिलनाडु के अन्य स्थानों में स्ट्रेन पाए जाने के बाद मामलों में कोई बढ़ोतरी नहीं देखी गई. भारत में जेएन.1 वेरिएंट का कोई अन्य मामला सामने नहीं आया है. जेएन.1 सब-वैरिएंट पहली बार लक्जमबर्ग में पहचाना गया और कई देशों में फैलने गया. यह पिरोला वेरिएंट का वंशज है. नए वैरिएंट के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय जीनोमिक्स कंसोर्टियम के चीफ डॉक्टर एनके अरोड़ा ने बताया,यह बीए.2.86 का एक सब वैरिएंट है. उन्होंने कहा, भारत निगरानी रख रहा है और यही कारण है कि अब तक किसी अस्पताल में भर्ती होने या गंभीर बीमारी की सूचना नहीं मिली है. केरल में कोरोना के मामले सामने आने के बाद कर्नाटक प्रदेश सरकार भी अलर्ट हो गई है. इस बाबत राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने आपात बैठक भी की। इसमें उन्होंने अधिकारियों को सभी हालातों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने मास्क, ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाओं समेत अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं के भंडारण का आदेश दिया है। जिससे बिगड़ते हालात में इनकी कोई कमी ना पड़े. स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से अपील की है कि अभी इससे डरने की जरुरत नहीं, लेकिन सभी को अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है.केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी सावधान हो गया है. मंत्रालय ने राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों और संस्थाओं को अलर्ट कर दिया है. इसके साथ ही मंत्रालय ने स्वास्थ्य सुविधाओं की मॉक ड्रिल करने के भी निर्देश दे दिए हैं. जिससे अगर यह वैरिएंट अगर अपने पैर पसारता है तो इससे निपटा जा सके. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी निर्देश के अनुसार केरल में नए सबवैरिएंट के दो मामले सामने आये हैं. इसकी वजह से एक मरीज की मौत भी हुई है।

संजय इस उत्तर की गहराई को समझ गए। वे जीवन के दर्शन की इस नई व्याख्या को गहराई से समझ रहे थे

# महाभारत का जीवन दर्शन

पीके खुरराना




> दुर्योधन के अंत के साथ ही कौरवों का शासन समाप्त हो गया, परिवार समाप्त हो गया, अगली पीढ़ी पहले ही समाप्त हो चुकी थी और इस प्रकार कौरवों का अध्याय ही समाप्त हो गया। लेकिन कौरव परिवार से जुड़े दो पुरुष अभी भी बाकी थे। पहले तो धृतराष्ट्र जो आंख से अंधे होने के साथ-साथ पुत्र-प्रेम में भी अंधे थे और राजा होने के बावजूद उन्होंने दुर्योधन के किसी गलत पर ऐतराज नहीं किया, उस पर रोक नहीं लगाई और उसका परिणाम इस रूप में भुगता कि उनका सारा परिवार ही मृत्यु के मुख में चला गया और राजपाट भी जाता रहा।

कुरुक्षेत्र का युद्ध समाप्त हो चुका था। पांडवों ने न केवल कौरवों पर विजय पा ली थी बल्कि वे पांचों भाई जीवित थे और सौ के सौ कौरव भाई मारे जा चुके थे। दुर्योधन का अंत सबसे बाद में हुआ जिसे भीम ने मारा और उसे मारना सचमुच बहुत कठिन साबित हुआ। दुर्योधन के अंत के साथ ही कौरवों का शासन समाप्त हो गया, परिवार समाप्त हो गया, अगली पीढ़ी पहले ही समाप्त हो चुकी थी और इस प्रकार कौरवों का अध्याय ही समाप्त हो गया। लेकिन कौरव परिवार से जुड़े दो पुरुष अभी भी बाकी थे। पहले तो धृतराष्ट्र जो आंख से अंधे होने के साथ-साथ पुत्र-प्रेम में भी अंधे थे और राजा होने के बावजूद उन्होंने दुर्योधन के किसी गलत पर ऐतराज नहीं किया, उस पर रोक नहीं लगाई और उसका परिणाम इस रूप में भुगता कि उनका सारा परिवार ही मृत्यु के मुख में चला गया और राजपाट भी जाता रहा। लेकिन दूसरे व्यक्ति का जिक्र कहीं अधिक आवश्यक है। संजय, जिन्होंने बिना युद्ध भूमि में गए दिव्य आंखों के माध्यम से धृतराष्ट्र को युद्ध का सारा हाल सुनाया था, अंततः युद्धभूमि में जा पहुंचे। युद्ध समाप्त हो चुका था। चारों ओर केवल वीराना था। न कोई पूछने वाला, न कोई सुनने वाला, न सुनाने वाला। उन्होंने कुरुक्षेत्र की भूमि की ओर देखा और मन ही मन सोचने लगे कि क्या यह वही धरा है जहां इतना बड़ा युद्ध हुआ था जिसने केवल 18 दिनों के अंतराल में विश्व के तमाम पुरुषों को मृत्यु के मुख में झोंक डाला, क्या यहां सचमुच कभी युद्ध हुआ भी था, क्या इस धरती ने इतना खून सोख लिया है, क्या यह वही धरती है जहां धर्मराज युधिष्ठिर और उनके भाइयों ने भगवान कृष्ण की छत्रछाया में युद्ध लड़ा था और अपने हर विरोधी को मार गिराया था? संजय असमंजस में थे। उन्हें कुछ नहीं सूझ रहा था। तभी उन्हें एक मद्धम-सी आवाज सुनाई दी। संजय ने मुड़ कर देखा तो ऐसा लगा मानो धूल का बवंडर उठा हो। बवंडर ने उन्हें घेर लिया और फिर एकदम से सब शांत हो गया। धूल के बवंडर में से एक दिव्य पुरुष दिखाई पड़ रहे थे। वे उम्रदराज लग रहे थे और शांतिपूर्ण आभा के साथ-साथ उनके चेहरे पर अनुभव की परिपक्वता भी नजर आ रही थी। 'मुझे मालूम है कि तुम कुरुक्षेत्र के युद्ध के विषय के बारे में जानना चाहते हो, परंतु तुम ऐसा नहीं कर पाओगे जब तक कि तुम पहले यह न समझ लो कि युद्ध का असली कारण क्या है?' दिव्य पुरुष ने कहा। संजय तुरंत समझ गए कि ये एक ऐसे दिव्य पुरुष के सम्मुख हैं जो युद्ध के बारे में किसी भी अन्य व्यक्ति से ज्यादा जानते हैं। उन्होंने उस दिव्य पुरुष को आदर से प्रणाम किया और पूछा, 'कृपया जरा खुलासा करके बताएं कि आप क्या कहना चाहते हैं?' दिव्य पुरुष ने गहरी मुस्कुराहट के साथ कहा, 'महाभारत युद्ध जीवन का दर्शन है, और इस युद्ध में विजयी होना हमारा लक्ष्य है।' संजय सोचने पर विवश हो गए। कई विचार और प्रश्न उनके दिमाग में उमड़-घुमड़ रहे थे। उन्होंने नम्रतापूर्वक दिव्य पुरुष से पूछा, 'क्या आप कृपा करके बताएंगे कि वह जीवन-दर्शन क्या है?' 'हां, अवश्य', दिव्य पुरुष ने कहा, 'इसीलिए तो मैं आया हूं। अब ध्यान से सुनो। पांच पांडव और कोई नहीं तुम्हारी पांचों इंद्रियां हैं। आंखें जिनसे तुम देखते हो, कान जिनसे तुम सुनते हो, नाक जिससे तुम सूंघते हो, जीभ जिससे तुम्हें स्वाद का भान होता है और तुम्हारी त्वचा जिससे तुम स्पर्श करते हो। ये पांच इंद्रियां ही पांच पांडव हैं, लेकिन क्या तुम जानते हो कि कौरव कौन हैं?' संजय ने इन्कार में सिर हिलाया तो दिव्य पुरुष ने जवाब दिया, 'कौरव संसार में विद्यमान सौ बुराइयां हैं जो रोज तुम पर आक्रमण करती हैं। अच्छी बात यह है कि तुम इन बुराइयों से लड़ सकते हो, इनका मुकाबला कर सकते हो और इनका नाश कर सकते हो। लेकिन क्या तुम जानते हो कि ऐसा कैसे संभव है?' संजय ने एक बार फिर इन्कार में सिर हिलाया तो दिव्य पुरुष ने अपनी धीर-गंभीर वाणी में कहा, 'बुराइयों का नाश तभी संभव है जब भगवान कृष्ण तुम्हारे रथ पर विद्यमान हों और रथ की लगाम उनके हाथ में हो। कृष्ण तुम्हारी आत्मा की आवाज हैं। तुम जब भी कुछ सोचते हो या करते हो तो तुम्हारी आत्मा तुम्हारी पथ प्रदर्शक होती है। यदि तुम आत्मा की आवाज सुनो और अपने जीवन के रथ की लगाम आत्मा को सौंप दो, तो फिर तुम्हारी चिंताएं समाप्त हो जाती हैं।' जीवन के दर्शन की इस व्याख्या ने संजय को विचारों के एक और तूफान के बीच ला खड़ा किया। परंतु उन्होंने शीघ्र ही खुद को संभाला और यह निश्चय किया कि इस दिव्य पुरुष से बात करके वे अपनी सभी शंकाएं दूर करेंगे। अतः उन्होंने प्रश्न किया, 'हे देव, मुझ पर कृपा कीजिए और मुझे यह बताइए कि यदि कौरव बुराइयों के प्रतीक हैं तो द्रोणाचार्य और भीष्म सरीखे गुरुजन उनके साथ क्यों हैं?' दिव्य पुरुष इस प्रश्न पर कुछ विचलित दिखे और वे कुछ उदास हो गए, लेकिन संजय की शंका का समाधान उन्होंने फिर भी किया, 'इसका अर्थ है कि जैसे-जैसे तुम बड़े होते हो, तब तुम अपने ही तर्कों और अपनी कल्पना की उड़ान का विश्लेषण कर सकते हो। तब तुम्हें यह देखना आवश्यक है कि असल में कुतर्क का सहारा लेकर कुछ ऐसा करने तो नहीं जा रहे जो तुम्हें नहीं करना चाहिए या तुम्हारी कल्पना की उड़ान तुम्हें कुछ ऐसे रंगीन सपने दिखा रही है जो अनैतिक हैं, अनुचित हैं? तब तुम्हें अपनी आत्मा की आवाज को सुनना होगा। बड़े होते समय यही सबसे कठिन काम है। सच है कि यह कठिन है, पर यह संभव है।' संजय धम्म से जमीन पर बैठ गए, इसलिए नहीं कि वे थकान महसूस कर रहे थे, बल्कि इसलिए कि दिव्य पुरुष की बातों ने उनके सारे अस्तित्व को घेर लिया था। वे उन बातों पर, जीवन दर्शन की उस नई व्याख्या पर मंथन कर रहे थे। उनका दिमाग स्पष्ट होता चल रहा था, पर फिर एक और शंका ने आ घेरा। वे धीरे से बुदबुदाए, 'जीवन के इस दर्शन में कर्ण कौन है?' 'तुम धन्य हो संजय। तुम्हारा यह सवाल बहुत अर्थपूर्ण है। मुझे खुशी है कि मेरे जाने से पहले तुमने यह सवाल पूछ लिया। सुनो, कर्ण तुम्हारी इंद्रियों का चहेता है। यह तुम्हारी 'कामना' है, 'इच्छा' है। वह तुम्हारा ही हिस्सा है, तुम्हारी इच्छा तुम्हारे दिमाग की उपज है, लेकिन वह बुराइयों के साथ खड़ी है। क्या तुम नहीं देखते कि अपनी इच्छापूर्ति के लिए तुम हर अनैतिक काम करने को तैयार रहते हो? उसे नैतिक बताने के लिए बहाने तलाशते हो? क्या तुम्हारी इच्छा तुम्हें बुराइयां अपनाने को नहीं उकसाती?' संजय इस उत्तर की गहराई को समझ गए। वे जीवन के दर्शन की इस नई व्याख्या को गहराई से समझ रहे थे। विचारों का झंझावत अब भी चल रहा था, नए विचार मन में आ-जा रहे थे, लेकिन दिमाग साफ था, दिमाग के जाले उतर चुके थे। यह स्पष्ट था कि जीवन को सफल बनाने के लिए हमारी दिशा क्या होनी चाहिए और हमारे प्रयत्न कैसे होने चाहिएं। विचारों से उबर कर संजय ने सिर उठाया ताकि वे उस दिव्य पुरुष को धन्यवाद दे सकें, लेकिन वहां कुछ नहीं था, बवंडर भी नहीं था, प्रकृति की शांति थी और सुहानी बयार थी। जीवन का सार उन्हें समझ आ गया था और युद्ध की विभीषिका के बावजूद वे शांतचित्त थे क्योंकि वे भी अपना युद्ध जीत चुके थे।

दृष्टि कोण

# गरीबी और घोटालों से त्रस्त इंडिया



भारत में हाल ही में तीन विरोधाभासी खबरें पढने को मिलीं जिनमें एक तरफ महज 2623 लोग बैंकों के 1.96 लाख करोड़ रुपए डकार गए, वहीं कनाडा के फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा 'विश्व की आर्थिक स्वतंत्रता : 2021 वार्षिक रिपोर्ट' नई दिल्ली स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी के संयोजन से जारी की गई है जिसमें आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत 165 देशों में से एक पायदान गिरकर 87वें स्थान पर आ गया है। पिछले साल की रैंकिंग में भारत 86वें स्थान पर था। उधर 2023 की ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत 125 देशों में से 111वें स्थान पर है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत का स्कोर 28.7 है जो भुखमरी के गंभीर स्तर को दर्शाता है। यह पड़ोसी देशों पाकिस्तान (102वें), बांग्लादेश (81वें), नेपाल (69वें) और श्रीलंका (60वें) के बाद आता है। विश्व के तीन में से अत्यंत गरीब लोगों में से एक भारतीय है। वैश्विक आर्थिक प्रगति के हिसाब से विश्लेषण करें तो इस समय अमेरिका 26954 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। इसके बाद चीन 17786 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है। जर्मनी 4430 अरब डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बाद जापान 4231अरब अमेरिकी डॉलर के साथ चौथे स्थान पर है। भारत 3730 अरब यूएस डॉलर के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है। निश्चित तौर पर एक तरफ जहां भारत आर्थिक प्रगति की राह पर चलता दिखता है तो वहीं विलफुल डिफाल्टर्स और गरीबी के मोर्चे पर असमानताएं चिंतित करने वाली हैं। भारत में अभी भी 23 करोड़ से अधिक लोग गरीब हैं। सवाल उठता है कि यदि हम तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर हैं तो फिर 2028 तक 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज और अनेकों मुफ्त की योजनाओं का क्या औचित्य बनता है? क्या अधिकांश भारतीय हमेशा सरकारी प्रश्रय से चलने वाली लोकलुभावन योजनाओं पर गुजर बसर करने के लिए मोहताज रहेंगे। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था के आंकड़े भारत के लिए सुकून पहुंचाने वाले हैं तो वहीं आंतरिक मोर्चे पर विलफुल डिफाल्टर्स के कारण बैंकों की वित्तीय स्थिति गंभीर बनी हुई है और सरकार के लिए किरकिरी का पर्याय भी बनी हुई है। यह सुखद है कि भारत की अर्थव्यवस्था में पारंपरिक ग्रामीण खेती, औद्योगिक पैमाने की कृषि, हस्तशिल्प और आधुनिक उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। अच्छी तरह से शिक्षित अंग्रेजी बोलने वाली आबादी के साथ, भारत सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं, बिजनेस आउटसोर्सिंग सेवाओं और सॉफ्टवेयर श्रमिकों का एक प्रमुख निर्यातक है जैसे कारकों के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत प्रगति करता नजर आता है, लेकिन महज 2623 लोगों द्वारा विभिन्न बैंकों का 1.96 लाख करोड़ रुपए हजम कर लेना और डकार भी नहीं मारना खेदजनक है। यह उन अधिकांश भारतीयों के गालों पर करारा तमाचा है जिनकी पहले तो छोटे मोटे ऋण लेने के चलते एडियां घिस जाती हैं, ऊपर से तमाम किस्तें चुकाने के बाद जब वे सुनते हैं कि चंद घोटालेबाज बैंकों से मोटा कर्ज लेकर विदेशों को नौ-दो ग्यारह हो गए हैं तो उन पर क्या बीतती होगी? ऊपर से सरकार उस कर्ज को राइट ऑफ करके साधारण कर्जदाताओं का उपहास उड़ाती नजर आती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि करीब 10.6 लाख करोड़ रुपए का कर्ज राइट ऑफ किया है यानी बट्टे खाते में डाल दिया है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## अल्पसंख्यकों के अधिकार के लिए लड़ती रहूंगी : ज़ोया परवीन

### रामगढ़ ज़िला कमिटी ने मनाया विश्व अल्पसंख्यक दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा सोमवार को फोरलाइनस्थित निर्मला होटल में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग रामगढ़ जिला अध्यक्ष जोया परवीन व संचालन अल्पसंख्यक विभाग के वरीय उपाध्यक्ष केसर इमाम तथा कार्यक्रम का समापन की घोषणा अख्तर आजाद ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा। वही कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग रामगढ़ जिला अध्यक्ष जोया परवीन ने कहा कि आज भारत समेत पूरे विश्व में जाति अल्पसंख्यक के लिए स्वतंत्र और समानता के अधिकार को बनाए रखने तथा अल्पसंख्यकों के सम्मान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिवस विभिन्न जातीय मूल के अल्पसंख्यक समुदाय के समक्ष आने वाली चुनौतियां और मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में घोषित किया गया था संयुक्त राष्ट्र की परिभाषा के अनुसार ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव ना हो और जिसकी आबादी कम हो उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जिस देश का अल्पसंख्यक खुशहाल नहीं वह देश कभी विकसित नहीं हो सकता। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 30 350 ए तथा 350 बी मैं अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग किया गया है। भारत के राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी नागरिकों के किसी अनुभाग जिसकी जिसकी अपनी विशेष भाषा लिपि या संस्कृति है को बनाए रखने का अधिकार होगा। भारत में अल्पसंख्यक मुस्लिम सी ईसाई बौद्ध जैन और पारसी शामिल हैं यह दिन अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है।इन सब बातों को जानने के बाद क्या आपको लगता है भारत में आज अल्पसंख्यक खुशहाल है क्या संविधान के अनुच्छेदों में जो हमें अधिकार मिला है उसका पालन किया जा रहा है अगर नहीं तो हमें सभी अल्पसंख्यकों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़नी होगी और अल्पसंख्यकों के साथ हो रही भेद भाव को रोकने के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस सभी अल्पसंख्यकों के साथ खड़ी नजर आएगी। कार्यक्रम में अतिथिगणन प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी अल्पसंख्यक अब्दुल करीम अंसारी, प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी, बलजीत सिंह बेदी, मुकेश यादव, राजेंद्र नाथ चौधरी,अख्तर आजाद, बजरंग महतो, शहजाद खान, दिनेश मुंडा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ की लोग कर रहे हैं सराहना

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने की दिशा में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ आज छठे दिन सोमवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के कुम्हरदगा पंचायत के डभातू स्थित किसान हाई स्कूल एवं संग्रामपुर पंचायत के बाजारटाँड़ के फुटबॉल मैदान पहुँचा। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के पहुँचते ही भारी संख्या में ग्रामीण रथ को देखने उत्साहित होकर पहुँचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के मध्यम से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। साथ ही सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को ÷भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे,भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा राष्ट्रवादी नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई गयी। संग्रामपुर पंचायत में ड्रोन के द्वारा खेतों में कीटनाशक का छिड़काव कर भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता को परिलक्षित करता है।

## डब्ल्यूटीपी सुपरवाइजर पर अपने घर तीन कर्मियों को डियूटी के दौरान काम करवाने का लगा आरोप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल के अरगड्डा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) में कार्यरत सुपरवाइजर राणा प्रताप सिंह पर सोमवार को अपने घर रांची रोड में तीन कर्मियों से व्यक्तिगत काम करवाने का आरोप लगा हैं। इस संबंध में सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा ने अनिभिज्ञता जहीर करते हुए जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया हैं। इसे ले यूनियन से जुड़े प्रतिनिधि प्रदीप रविदास ने पीओ सिरका को पत्र सौपा हैं। जिसमें डब्ल्यूटीपी के सुपरवाइजर राणा प्रताप के द्वारा अपने घर रांची रोड में कर्मी मनोज कुमार (मैकेनिकल फीटटर) विजय पांडे (ड्रिलमैन), लाजरुस सोरेन (जनरल मजदूर) से घर में बुलाकर व्यक्तिगत पाइपलाइन का काम करवाया जाना। बताया कि जो सीसीएल कंपनी के ड्यूटी अंतराल में करवाया गया हैं। कहां है कि आए दिन डब्ल्यूटीपी के मजदूरों से व्यक्तिगत घरेलू कार्य सुपरवाइजर राणा करवाया करते हैं। इन सभी तथ्यों को लेकर विभागीय कार्रवाई की मांग की गई हैं। इधर प्रबंधन भी शिकायत पर जांच में लगा हैं।

## सामाजिक राजनैतिक बौद्धिक के जन नायक थे बिनोद बाबू सुधीर मंगलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के सिरू बुधबाजार मे झारखंड आंदोलन के पुरोधा व झारखंड के महान आंदोलनकारी बिनोद बिहारी महतो जी की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य रूप से उपस्थित दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो जी ने नेतृत्व में शोषण मुक्त झारखंड के निर्माण के लिए,हजारों जनआंदोलन व अनगिनत लड़ाईयां लड़ी गई। बिनोद बाबू झारखंड में क्रातिकारी परिवर्तन लाना चाहते थे। शोषित, पीड़ित लोग सामाजिक, राजनीतिक प्रतिष्ठा प्राप्त करे। बेरोजगारी, विस्थापन, और झारखंडी अस्मिता की रक्षा के लिए जल जंगल जमीन पर हक के साथ साथ भाषा संस्कृति और शिक्षा के विकास के लिए हमेशा संघर्षरत रहे थे बहुमुखी प्रतिभा के धनी बिनोद बाबू ने सिर्फ राजनीतिक आंदोलन ही नही शिवाजी समाज का गठन कर कुरीतियों को दूर करने एवं पढ़ो और लड़ो का नारा देकर शैक्षणिक क्राति लाने के लिए अपने जीवनकाल में 53 से अधिक स्कूल और कॉलेज की स्थापना की। बिनोद बिहारी महतो - स्वतंत्रता सेनानी रहे लोग प्यार से और आदर से विनोद बाबू कहते हैं।

## हेसला ग्राम में मना गोहाल पूजा, सुख, संपति शांति, समृद्धि का मांगा आशीर्वाद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला बेदिया टोला में सोमवार को ग्रामीणों ने गोहाल पूजा अपने अपने घरो में आयोजित किया। इस लेकर ग्रामीण पूजारी गंगा बेदिया ने बताया कि पूर्व में किसी कारण पूजन नहीं हो पाई थी। जिसके बाद दिसंबर में पूजा हमलोगों ने अपने गोहाल जगहो पर पूरे विधि विधान के साथ किया गया। इसमें अपने परिवार समेत ग्रामवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि, संपति, निरोगी जीवन, रक्षा का वरदान मांगा गया। इसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।



## सड़क दुघर्टना में घायल सीसीएलकर्मी बिजेंद्र राम की इलाज के दौरान मृत्यु

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल पोडा गेट के समीप दो दिन पुर्व शनिवार शाम छह बजे के करीब सड़क दुघर्टना में घायल उरीमारी परियोजना के पोटंगा वर्कशॉप स्थित कांटाघर में पदस्थापित सीसीएलकर्मी बिजेंद्र राम 34 वर्ष का रांची सेमफोर्ड अस्पताल में बिते रात इलाज के दौरान मृत्यु हो गया।बता दें कि शनिवार शाम करीब सात बजे बिजेंद्र राम भुरकुंडा से सयाल अपने घर प्रिंस रोड वापस लौट रहा था तभी पोडा गेट के समीप वह असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया था जिससे उसके सर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लग गई थी। स्थानीय लोगों के द्वारा भुरकुंडा अस्पताल लाया गया था जहां प्राथमिक उपचार कर उसे गांधीनगर रांची भेज दिया गया था।? सीसीएलकर्मी बिजेंद्र राम मुख्य रुप से पतरातू सांकूल के रहने वाला था। बिजेंद्र अपने पिछे पत्नी और एक पुत्र व दो पुत्री छोड़कर चले गए।दाह संस्कार सांकूल श्मशान घाट पर किया गया जहा मुखग्नि बड़े पुत्र प्रियांशु ने दिया।

**संक्षिप्त खबरें**

## बंदर के हमले से युवक घायल

**बालूमाथ :** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बरियातू ग्राम में बन्दर के हमले से एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार 28 वर्ष पिता उपेंद्र ठाकुर ग्राम बरियातू निवासी होटल में बैठा हुआ था। इसी दौरान एक बंदर ने उस पर हमला कर दिया जिससे युवक घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## बालूमाथ पूर्व उपप्रमुख संजीव सिन्हा ने अंचलाधिकारी से अलाव के व्यवस्था की मांग की



**बालूमाथ :** बालूमाथ के पूर्व उप- प्रमुख सह भाजपा नेता संजीव सिन्हा ने बढ़ती ठंड को देखते हुवे अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि दिनों दिन ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है । जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को होती है। ऐसे में अलाव ही उनका एकमात्र सहारा होता है। जिससे कि वह ठंड से बचने की कोशिश करते है। यदि अलाव की व्यवस्था की जाए तो लोगों को ठंड से राहत मिल सकती है।वही बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी ठंड से बचने का सहारा मिल जाएगा। उन्होंने कसियाडीह तीनमुहान के समीप, मुरपा मोड़, पुराना भूटाली चाय दुकान, चेक नाका, थाना चौक, महावीर मंदिर, बाजार टांड, बड़ी मस्जिद, न्यू बस स्टैंड, टमटम टोला, बड़का बालूमाथ, कृष्णापुरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की मांग की है।

# उपायुक्त ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का जायजा लेने चतरा प्रखंड के गंधरिया पंचायत व मयूरहंड प्रखंड के मयूरहंड पंचायत पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंच एक एक कर लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात कल्याण मंच पर पहुंच द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झारखंड स्टेट लाइलीहुड प्रमोशन सोसायटी के दीदियों के बीच आत्मनिर्भर बनाने हेतु चेक के माध्यम से राशि का वितरण, लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर और जूता का वितरण किया व समाज कल्याण विभाग



द्वारा आयोजित गोदभराई रस्म में भी शामिल हुएं। वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय मयूरहंड पहुंच मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए गए कार्यो की विस्तृत जानकारी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड साकेत सिन्हा से लिया। इसमें नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने, फोटो अपडेशन, नाम विलोपित करने से संबंधित प्राप्त आवेदनों के ऑनलाइन इंट्री कार्य का समीक्षा किया और कहा निर्वाचन से संबंधित कार्य में लापरवाही बिल्कुल ही बर्दास्त नहीं की जाएगी,प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत प्राप्त आवेदनों का इंट्री कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे प्राप्त आवेदनों के इंट्री कार्य की धीमी गति देख नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाया और कहा इस तरह के कार्यशैली से यह प्रतीत होता है कि निर्वाचन के कार्य में आपके द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है। किसी भी तरह जल्द से जल्द शत प्रतिशत इंट्री कार्य कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम के टोला खैराही आंगनबाड़ी केंद्र में ठंढ को देखते हुए शनिवार को नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण का कार्य आंगनबाड़ी सेविका सुहानी कुमारी एंव प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र के नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने बच्चों को उज्वल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है और केन्द्र की सेविकाओं के माध्यम से शिक्षा के अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खान पान के बारे में विशेष जानकारी के साथ ही साथ केंद्र में वितरण किए जाने वालें पोषाहार का जायजा भी लिया। पोषक क्षेत्र के लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नियमित रूप से होने की बात बताया. आंगनबाड़ी केन्द्र की सुहानी कुमारी ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा स्वेटर उपलब्ध कराया गया था जिसे आज प्रमुख उर्मिला देवी के हाथों वितरण कराया गया। मौके पर कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## राजद की बैठक में पार्टी विस्तार और मजबूती पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड के लेंजवा पंचायत में राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक स्थानीय मुखिया जोगिंदर यादव की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड के मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय जनता दल के पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल के महेश यादव दुर्गेश कुमार यादव लालदेव यादव सत्येंद्र यादव संतोष कुमार यादव पूर्व मुखिया राकेश यादव सूरज देव यादव अमलेश कुमार बालचंद यादव विकास यादव अयूब अंसारी मोहम्मद मुस्तफा सुराजदीप कुमार यादव विजय यादव विकास यादव मौसजत अंसारी मिथिलेश यादव रमेश कुमार यादव कुलदीप यादव संदीप कुमार यादव देवचंद यादव चंद्रदेव यादव देवनंदन यादव चंदेश्वर यादव पंकज कुमार रमेश शाह रमेश यादव रामप्रसाद प्रजापति राजेश कुमार यादव रामनंदन प्रजापति संजय रजक इत्यादि सैकड़ो लोगों ने भाग लिया इस बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय जनता दल का पंचायत अध्यक्ष के रूप में विजय यादव को मनोनीत किया गया इस पंचायत का सचेतक के रूप में दुर्गेश कुमार यादव को रखा गया मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव के द्वारा माला पहनकर मिठाई खिलाकर पंचायत अध्यक्ष का सर्टिफिकेट दिया गया और आज से संगठन मजबूती करने के लिए पंचायत में जिम्मावा सौंपी गई है।

## डीही पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रखंड के डीही पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख परशु राम लोहरा द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए ग्रामीणों को पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर का लाभ उठाने की बात कही गई। आगे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लाभुकों को लाभ पहुंचाने का है। जिन्हें अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन कर सकते हैं। जिसकी जांच कर त्वरित निष्पादित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, लातेहार मनोज तिवारी ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को अवगत कराया। साथ



ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं ले साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोती - साड़ी योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से 05 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 02 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 04 छात्राओं के बीच साईकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 04 लाभुकों को पौधा, 05 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 09 लाभुको के बीच धोती-साड़ी, 01 लाभुक के बीच सर्वजन पेंशन योजना, 10 जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

## प्रांतीय कला संगम प्रतियोगिता से लौटने के बाद छात्राए हुई सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में 18 अगस्त दिन सोमवार को सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन कि गई। कार्यक्रम में प्रांतीय कला संगम राजकमल विधा मंदिर धनबाद में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले बहनों कि वापसी के बाद अपने विधालय में सहभागिता पत्र व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती वन्दना के पश्चात् किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से बहनों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया इस कार्यक्रम में समस्त विधालय परिवार की सहभागिता रही।

## भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल पहुंचे इटखोरी, मां भद्रकाली मंदिर में किया पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश श्री संजय करोल चतरा के इटखोरी पहुंचे। उनके इटखोरी परिसदन आगमन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त श्री अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन ने सम्मान प्रकट करते हुए पौधा एवं मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत किया। माननीय न्यायधीश ने इटखोरी यात्रा के दौरान मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया। मौके पर मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, डीएसपी मुख्यालय केदार राम समेत अन्य कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अपनी मिट्टी व भाषा से जुड़े रहना आवश्यक : रविकांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कुड़ूख व नागपुरी लोक गायक व अभिनेता रविकांत भगत को एक बार फिर सम्मानित किया गया है। इस बार ओटीटी प्लेफार्म वाउ सिनेमा ने उन्हें सम्मानित किया है, वाउ सिनेमा के सीइओ विनोद प्रभात ने रांची में उन्हें एक समारोह में सम्मानित किया। बता दें कि लातेहार के चंदवा प्रखंड के बारी ग्राम निवासी रविकांत भगत को उनकी कुड़ूख गायकी और अभिनय के लिए कई पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं, उन्हें झारखंड रत्न का भी पुरस्कार मिल चुका है। रविकांत ने अपनी मेहनत व



लगन से झारखंड में एक अलग पहचान बनायी है और लातेहार जिले का नाम रोशन किया है। रविकांत ने कहा कि आज के इस दौर के युवा अपनी संस्कृति व विरासत से विमुख होते जा रहे हैं। अपनी भाषा व संस्कृति को बचाये रखने के लिए वे प्रयासरत हैं, उन्होंने कहा कि अपनी भाषा से मीठी और कोई भाषा नहीं होती है। उन्होंने कुड़ूख भाषा में गीतों के कई ऑडिओ व बीडीओ एलबम बनाये हैं। उनका प्रयास है कि आज के आदिवासी युवक आधुनिकता के साथ साथ अपनी मिट्टी व भाषा से जुड़े रहें।

## कोयद पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत सोमवार को टंडवा प्रखंड अन्तर्गत कोयद पंचायत भवन में मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, कोयद मुखिया किशुन राम और मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने संयुक्त रूप से विधिवत् फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन सबों की उपस्थिति में हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया और कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। अपने वक्तव्य में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि देश का स्टार्टअप्स ईकोसिस्टम तेजी से बढ़ रहा है। 2014 से 2023 के बीच स्टार्टअप्स की संख्या 90000 से अधिक हो गई है, जिसने नवाचार और प्रौद्योगिकियों के केन्द्र के



रुप में देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डिजिटल इंडिया से युवाओं का सशक्तिकरण किया जा है। नारी शक्ति;महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। किसानों का कल्याण सुनिश्चित हो रहा है। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को मजबूती मिली है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के उपरांत कोयद पंचायत के संयोजक सह भाजपा नेता विनय सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर विशेष रूप में मंडल महामंत्री सुनील चौरसिया, पुर्व मुखिया पुसन पासवान, पंचायत संयोजक विनय कुमार सिंह, सह संयोजक केदार गोंसाई, राम जीवन दास, मुखलाल साव, दिगम्बर साव, विजय साव, बद्री साव, दिनेश साव, पंचायत सचिव मोहम्मद इमरान, इंजीनियर कौशल कुमार, वार्ड सदस्य गण समेत सैंकड़ों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के पुंडरा पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों का भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं खास कर बहुत हीं उत्साहित नजर आ रही थी। वहीं वृद्ध महिला पुरुष भी जिनको पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था वैसे लोगों की काफी भीड़ नजर आ रही थी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में समस्त विभाग का स्टॉल लगा हुआ था। किंतु सभी स्टॉल बेमतलब निकला चुकी जिस उद्देश्य से यह स्टॉल लगाया गया था वह पूरा होते नजर नहीं आ रहा था। मौके पर। बीडीओ नीतू सिंह, मुखिया बिनोद महतो, पंचायत समिति, वार्ड सदस्यों के अलावे समस्त विभाग के कर्मी एवं सैकड़ो लोग शामिल थे।

## भाजयुमो मंडल कार्यसमिति एवं मंडल सशक्तिकरण की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी के नेतृत्व में जिले के सभी मंडल में युवा मोर्चा की मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक की जा रही है। जिसे लेकर भाजयुमो सिमरिया मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष अंकित सिंह के अध्यक्षता में की गई। वहीं संचालन महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी व जिला कार्यसमिति सदस्य जितेंद्र पांडे उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए अभिषेक केशरी ने कहा ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है उस पार्टी का कार्यकर्ता होना हम सबों के लिए सौभाग्य और गौरव की बात है। केसरी ने कहा मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक



प्रचारित करते हुए पुनः भाजपा को आशिर्वाद और प्यार देने के लिए आग्रह करना है। देश की जनता एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने की मन बना ली है। इस बार 2014 और 2019 के मुकाबले और प्रचंड जीत होना सुनिश्चित है मंडल अध्यक्ष दया निधि सिंह ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत एवं केंद्र सरकार के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के के बारे में घर-घर जाकर युवा मोर्चा लोगों को जागृत करने का काम करेंगे। अंकित सिंह ने कहा मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर पंचायत स्तर तक बैठक कर युवा मोर्चा को मजबूत करने का काम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से मण्डल से अध्यक्ष दयानिधि सिंह , ज़िला कार्यसमिति सत्यवान सिंह, मीडिया प्रभारी मारुति नंदन, विवेक कुमार सिंह, छोटेलाल यादव, मो अफसर, उज्वल सिंह, सूरज सिंह, सचिन कुमार, राजू साव, निशांत पांडेय, श्रीकांत सिंह, उज्वल कुमार समेत युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टोटी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय टोटी हेसला के प्रांगन मे सोमवार को मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, मुखिया शांति देवी,,पंचायत समिति सदस्य मो ओजेफा जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी,सीओ नंद कुमार राम, बीपीओ रवि यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास



पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं.जिसका सिधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। इस शिविर में झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास,गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड, का सिधा लाभ देने एंव आप सभी लोगों के लिए पेंशन,स्वास्थ्य, भुमि संबंधित, बिजली, राशनकार्ड, पशुधन, आयुषमान, शिक्षा, आधार, प्रवासी मजदूर का रजिस्ट्रेशन, पहचान पत्र, नरेगा, 15 वीं वित्त, जेएसएलपिएस, कौशल विकास, बाल विकास सहित कई कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाएं गए हैं। सभी विभाग के संबंधित अधिकारी अपने अपने स्टॉल में बैठें है।आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें।संभवतः तुरंत निष्पादन किया जायेगा। वही अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने प्रवासी मजदूरों के लिए श्रम नियोजन और उसके लाभ तथा विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के लिए गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड के लाभ के बारे में बिस्तार से बताते हुए विद्यार्थियों को अपने उच्च शिक्षा के लिए इस योजना का लाभ लेने का आह्वान किया।

## गणेशपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम स्थित पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, प्रखंड उप-प्रमुख कामेश्वर राम, गणेशपुर पंचायत मुखिया परमेश्वर उरांव,पंचायत समिति सदस्य पिंटू कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उराँव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पेंशन योजना, बिरसा आवास,



गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड नाम जोड़ना एवं सुधार, स्वास्थ्य, जमीन विवाद, मोटेशन, बिजली विभाग, 15 वीं वित्त योजना, जॉब कार्ड, बाल विकास सहित कई स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें ग्रामीणों द्वारा आवेदन जमा किया गया। इसके अलावा आयोजित शिविर में ग्रामीणों के बीच कई परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें कंबल, धोती-साड़ी छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिये चेक का वितरण किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कहा कि सरकार की सोच है। की सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक को मिले। मौके पर मो.अबुल, रवि कुमार, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा का भ्रमण आज से बड़कागांव में

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय द्वारा बड़कागांव प्रखंड में केंद्र सरकार के विकसित भारत संकल्प रथ का भ्रमण बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के सभी पंचायतों में 19 दिसंबर से होगा। विदित हो कि भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों तक शत् प्रतिशत पहुंचाने को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पुरे भारतवर्ष में घुम रहा है। इसी क्रम में बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने सभी 11 शक्ति केंद्रों में सफल संचालन के लिए संयोजक मंडली का गठन किया है जिसमें उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा जारी रूट चार्ट के अनुसार सभी संयोजक अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रमों का सफल संचालन करेंगे। 19 दिसंबर को हरली एवं बादम पंचायत में त्रिवेणी महतो एवं भागीरथ ठाकुर, 20 दिसंबर को गोंदलपुरा एवं नयाटाड पंचायत में श्रीकांत निराला एवं दिनेश्वर महतो, 21 दिसंबर को चोपदार बलिया एवं नापो खुर्द पंचायत में सुमन गिरी एवं अशोक साव, 22 दिसंबर को तलसवार पंचायत में ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, 23 दिसंबर आंगो पंचायत कल्याणी देवी, 26 दिसंबर को पोटंगा, गरसुलला, उरीमारी पंचायत में अकल मुंडा, उमाशंकर महतो एवं दिनेश करमाली को नियुक्त किया गया है। वहीं पुरे मंडल के संयोजक किशोर राणा को बनाया गया है।

### अंबा प्रसाद ने बड़कागांव को अनुमंडल बनाने का फिर से विधानसभा में उठाया मामला

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव को अनुमंडल बनाने की मांग फिर से दोहराई। वहीं इससे पूर्व विधायक ने प्रश्न करते हुए कहा था कि बड़कागांव औद्योगिक व खनन क्षेत्र होने के फलस्वरूप विशेष महत्ता रखता है तथा वहाँ अपराधिक घटनाएं होती रहने के कारण विधि व्यवस्था की समस्या बनी रहती है। वहीं इससे पूर्व भी विधायक ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से बड़कागांव को अनुमंडल बनाने का मांग पहले भी विधानसभा में उठाया था।

### कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य है कि हर घर तक पहुंचे सरकारी योजना : अब्दुल मनान वारसी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के रानीचुंवा पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन परिसर में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। रानीचुंवा पंचायत में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैप भी लगाया। झारखण्ड़ सरकार के द्वारा पूरे राज्य में विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, कांग्रेस पार्टी भी वैसे जरूरतमंद लोगों को जागरुक कर इस शिविर तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेगी और उनको सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास करेगी जो सरकार के मापदंड को पूरा करेगा। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य रहा लोगो को जागरूक करना, वैसे लोगो को मदद करना जो फॉर्म को नही भर सकते है। इस शिविर में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद वारिस संसारी, विधायक प्रतिनिधि छटु गोप, अमित जायसवाल, पंचायत अध्यक्ष राजदेव यादव, मनोज मंडल, गाजो टुडू, राजाराम बेसरा, राम प्रसाद यादव, बासो मुर्मू, धनी मुर्म, बाबूलाल मुर्मू, मुबारक अंसारी, सदिक अंसारी, सुलेमान अंसारी के अलावा कई कांग्रेसियों ने भी जरूरतमंद लोगों की सहायता की।

### गोमिया ओवर ब्रिज के काम रुकने से गोमिया के ग्रामीणों में उबाल

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोमिया रेलवे स्टेशन के पास ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर गोमिया के लोग विस्थापित संघर्ष समिति बनाकर वर्षों से ओवर ब्रिज बनाने की मांग कर रहे हैं. उनके आंदोलन ने रंग लाया और 1 दिसंबर 23 से ओवर ब्रिज निर्माण कार्य आरंभ हो गया, इसे देखकर गोमिया वासी में खुशी का लहर दौड़ गया और वह कहने लगे कि हमारा पुराना सपना साकार हुआ. इससे न सिर्फ गोमिया बल्कि आसपास के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा लेकिन अचानक एक सप्ताह काम चलने के बाद ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य अचानक रोक दिया गया और निर्माण कर में लगे सभी मशीनों को वहां से हटा लिया गया. इसको देखते हुए विस्थापित संघर्ष समिति गोमिया के लोगों ने लोकल स्तर पर रेलवे के सभी अधिकारियों से मिलकर काम आरंभ करवाने का आग्रह की है लेकिन उन अधिकारियों ने कहा कि अगर काम आरंभ करवाना है तो उपमुख अभियंता पूर्व मध्य रेलवे से जाकर मिले जो हजारीबाग में बैठते हैं. उनके सुझाव पर आज विस्थापित शंकर समिति के सचिव राकेश कुमार और हजारीबाग में सी आई टी यू के उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू के नेतृत्व में लोगों ने उप मुख्य अभियंता, पूर्व मध्य रेलवे से उनके कार्यालय, हजारीबाग में आकर ज्ञापन सौंपा और उनसे वार्ता की. वार्ता में उपमुख्य अभियंता ने कहा कि गोमिया वासियों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है. कुछ तकनीकी की समस्या के कारण काम रोक दिया गया है. इस माह के अंदर काम पुण- आरंभ कर दिया जाएगा इसलिए मैं गोमिया वासियों से आग्रह करना चाहता हूं कि आप निश्चित रहे आपका काम बहुत जल्द होगा. प्रतिनिधिमंडल मे संघर्ष समिति के सूरज कुमार, चमन प्रजापति, अश्विनी कुमार, रोहित पासवान, नरेश कुमार, सरजू ठाकुर आदि शामिल थे।

### राज्य सरकार लंबित मोब लिंचिंग कानून में संशोधन कर शीघ्र कानून बनाए : साजिद

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के निर्देशानुसार विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर स्थानीय कृष्ण वल्लभ आश्रम हजारीबाग में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने किया एवं मंच संचालन मुजफ्फर हुसैन ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी जावेद इकबाल उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव भी उपस्थित हुए। बैठक में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न बुद्धिजीवी शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता को विशेष रूप से आमंत्रित किया। उपस्थित सेवा निवृत लेबर कमिश्नर शाहनवाज खान,हाजी मंसूर ऊद्दीन खान, शिक्षाविद जेपी जैन,सामाजिक कार्यकर्ता सरदार चरणजीत सिंह ,15 सूत्री सदस्य निसार खान ,अधिवक्ता अदीब रिजवी , प्रो सैयद रिजवान अहमद को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जावेद इकबाल ने कहा कि कांग्रेस देश का सबसे पुरानी पार्टी है और इन्होंने देश की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए कई कुर्बानी दी कांग्रेस पार्टी के बगैर संपूर्ण राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगी।कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि हम देश में भेदभाव कर देश का विकास संभव नहीं है संपूर्ण राष्ट्र निर्माण के लिए देश को सामूहिक नेतृत्व की आवश्यकता है।

## आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता बनें जिलाध्यक्ष विकास राणा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** जिलाध्यक्ष विकास राणा को आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर,आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत समेत अन्य कलाकारों ने उनके आवास पर जाकर उन्हे बधाई दी। प्रतिनिधिमण्डल में आर्ट एण्ड कल्चरल के पूर्व अध्यक्ष सुबोध आकाश, सचिव प्रदीप पाठक, तरंग ग्रुप के डायरेक्टर अमित गुप्ता, बबलू सिन्हा, शशिकान्त सिन्हा उर्फ़ चुन्नू एवं आशीष सिन्हा शामिल थे।

मौके पर श्री राणा ने कहा कि केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मुझपर भरोसा करके जो दायित्व सौंपा है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करूंगा,साथ हीं कल्चरल ट्रस्ट के द्वारा मुझे जो सम्मान दिया गया है मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

बहुत जल्द ही आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट का एक प्रतिनिधिमण्डल आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो से मिलकर कलाकारों की समस्याओं के प्रति आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो को अवगत कराया जायेगा।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अर्ध वार्षिक परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विगत 15 वर्षों से सफल संचालित मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 के विद्यार्थियों का अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न हुआ। इस स्कूल में अध्यनरत लगभग 800 विद्यार्थियों को दो पाली में परीक्षा ली गई। प्रथम पाली में वर्ग नवम से लेकर दशम तक के विद्यार्थियों का एवं द्वितीय पाली में वर्ग प्रथम से लेकर अष्टम तक के विद्यार्थियों का परीक्षा ली गई। बताते चले कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बड़कागांव में एक मात्र ऐसा विद्यालय है जहां पर जैक बोर्ड हिंदी और इंग्लिश दोनों मीडियम में संचालित है। बहुत ही कम फी में बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाती है, और इसी वजह से अभिभावकों का विश्वास इस स्कूल के प्रति बढ़ा हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा है कि परीक्षा लिखने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और आने वाला समय में बेहतर करने का मौका मिलता है इसलिए जैक के शेड्यूल के हिसाब से एग्जाम लिया गया। मौके पर निदेशक कुलदीप कुमार, शिक्षक मोहम्मद अली, रंजीत कुमार, संतोष कुमार, संगीता कुमारी, मंजू देवी, कन्हैया कुमार, मुकेश कुमार, मोहम्मद अजमतउल्लाह, मोहम्मद महबूब, मनजीत कुमार, न्यारी कुमारी, शिल्पी कुमारी, राहुल कुमार, अनुज कुमार, सुमन देवी आदि उपस्थित थे।

## रेनबो स्कूल बरही में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की होगी शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर से होने जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर शामिल होकर प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। साथ ही कई गणमान्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय से कक्षा नर्सरी से नवमी तक के बच्चे भाग लेंगे जिसे चार ग्रुप में बांटकर खेलकूद कराया जाएगा जहां विद्यालय के सभी खिलाड़ी अपने प्रतिभा का हुनर दिखाएंगे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जदयू की प्रमंडलीय बैठक, नीतीश के आगमन की तैयारियों पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड की प्रमंडलीय बैठक आर्य नगर स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को हुई।बैठक में आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जदयू के राष्ट्रीय नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन पर चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडलीय प्रभारी मुन्ना मलिक ने किया और मंच संचालन प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खीरू महतो थे।बैठक में उत्तरी छोटा नागपुर के जिले एवं प्रखंडों से जदयू के पदाधिकारी उपस्थित हुए।सांसद खीरू महतो ने कार्यकर्ताओं को आगामी 21 जनवरी को भारी संख्या में रामगढ़ पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।प्रमंडलीय प्रभारी मुन्ना मलिक ने आगामी कार्यक्रम की व्यवस्था संबंधी बातों पर जोर देते हुए कहा कि कार्यक्रम में दमदार उपस्थिति ही हमारी सफलता होगी। मंचासीन प्रदेश नेताओं में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रेनू गोपीनाथ, दीप नारायण सिंह, कामेश्वर महतो,मधुकर सिंह,श्रवण कुमार, रमाकांत मंडल,राजू महतो,अनिल सिंह, अशोक सिंह,बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता,हाजी हासिम खान,भगवान सिंह,चंद्र मोहन पटेल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, बोकारो अध्यक्ष प्रदीप महतो,रामगढ़ अध्यक्ष ज्योतेंद्र साहू,गिरिडीह अध्यक्ष त्रिभुवन दयाल सिंह,धनबाद से पिंटू सिंह चतरा से रामाशीष दांगी ने बैठक को संबोधित किया।

## आरोग्यम हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में लगा निःशुल्क आंखों का जांच शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आई केयर यूनिट खुलने के साथ ही लोगों के बीच आंखों को लेकर जागरूकता का पहल शुरू कर दिया गया है। सोमवार को हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में हजारीबाग का सबसे बड़ा निःशुल्क आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया। शिविर निर्धारित समय 10:00 बजे शुरू हुआ और दोपहर 2:00 बजे तक चला। इस शिविर में आंखों की समस्या से ग्रसित कुल 82 मरीज़ शामिल हुए। सभी का आरोग्यम आई केयर यूनिट के आई स्पेशलिस्ट डॉ विवेक कुमार ने चिकित्सीय जांच किया और जरूरी दवाई भी मुफ़्त में दी गई। आई स्पेशलिस्ट डॉ विवेक कुमार के मुताबिक शिविर में 22 लोगों का मोतियाबिंद चिन्हित किया गया है जिन्हें जल से जल्द मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने का परामर्श दिया गया। शिविर में शामिल हुए लोगों की आंख जांच से लेकर उनके उचित चिकित्सीय परामर्श के लिए विशेष सुविधा का भी ख्याल हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा रखा गया। आरोग्यम आई केयर यूनिट के पहले निःशुल्क आंख जांच शिविर में ही उमड़े लोगों की भीड़ को देखकर डॉ विवेक कुमार के साथ आई केयर यूनिट के सभी स्टाफ खुश दिखे । शिविर के सफलता के बाद आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की आंखें अनमोल हैं और इसकी समस्या को नजरंदाज न करें।

## कक्षा पंचम की आरुषि झा ने चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को बरही भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने प्रांतीय कला संगम में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले भैया बहनों को सम्मानित किया। प्रांतीय कला संगम राजकमल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धनबाद में आयोजित था। जिसमे चित्रकला, पोस्टर, सामूहिक गीत, मूर्तिनिर्माण, सामूहिक नृत्य, इत्यादि कलाओं का प्रतियोगिता आयोजित था। भामाशाह बरही के प्रतिभागी भैया बहनों ने अपने कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमे शिशु वर्ग चित्रकला में कक्षा पंचम की बहन आरुषि झा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। मौक़े पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, पदेन सदस्य सुरेश साहू ने सभी प्रतिभागी भैया बहनों एवं संरक्षक आचार्य दीदी जी को सम्मानित किया और जीवन पथ पर अविराम अग्रसर रहने का संकल्प दिलाया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभी आचार्य दीदी ने अपनी शुभकामनाएँ दी।

## बरही हाउस में झारखंड प्रदेश तेली समाज की प्रमंडल स्तरीय बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही हाउस में झारखंड प्रदेश तेली समाज उत्तरी छोटनागपुर प्रमंड स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो समेत झारखंड के कई जिले के तेली समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग साहू समाज के अध्यक्ष राजेंद्र साव ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि तेली समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू एवं स्व तिलेश्वर साहू की धर्मपत्नी साबी देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने स्वर्गीय तिलेश्वर साहू के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। बैठक में आपसी एकता और सामाजिक सद्भाव एवं राजनीतिक चेतना को लेकर गहन चिंतन मनन किया गया। इस दौरान अरुण साहू ने कहा कि झारखंड में हमारे समाज की आबादी काफी है, बावजूद इसके कुछ क्षेत्र छोड़ प्रदेश में हमारी राजनीतिक पकड़ ना के बराबर है। इसका एकमात्र कारण है राजनीतिक चेतना का ना होना। इस क्षेत्र में हमलोगों को काम करने की आवश्यकता है। वहीं कहा कि यदि आपलोग जैसे अभिभावक का समर्थन मिलेगा तो निश्चित तौर पर मेरे पिता का सपना सरकार होगा और तेली समाज का झारखंड प्रदेश में नाम रोशन होगा। वहीं कई वक्ताओं ने सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में आज के युवाओं का बढ़ते कदम में सहयोग करने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि सामाजिक या फिर राजनीतिक क्षेत्र हो, जो भी हमारे लोग आगे बढ़ रहें हैं, उसे पीछे खींचने काम किया गया है। जिसके कारण वर्तमान समय में हर विभागीय पकड़ कमजोर दिख रही है। वहीं उन्होंने कहा कि स्वर्गीय तिलेश्वर साहू ने झारखंड में विकास कार्यों को गति दी थी, उसे आगे बढ़ाएं। उनके सपनों को साकार करने के लिए अरुण साहू के नेतृत्व में एक बार मिलकर भारी जन समर्थन कर सहयोग करें। क्योंकि साहू समाज में धन-जन, बल और सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में भी अच्छी पकड़ है। कहीं ना कहीं हमारे समाज के लोग कई राजनीतिक पार्टियों में भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। लेकिन इस बार बरही विधानसभा में सभी मिलकर भरपूर सहयोग करने की जरूरत है। यदि तिलेश्वर साहू का सच्ची श्रंधाजिल देना चाहते हैं तो आज जो भी लोग जहां से अगुवाई में आएं हैं, भरपूर समर्थन करें, निश्चित ही स्वग्रीय साहू का यश बढ़ेगा और और बरही विधानसभा में अरुण साहू का परचम लहराएगा।

## आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य के सभी 14 सीटों पर लोकहित अधिकार पार्टी चुनाव लड़ेगी : सुनील साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** लोकहित अधिकार पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने प्रदेश महामंत्री कुंज बिहारी साहू एवं हजारीबाग जिला प्रभारी रामविलास साहू के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। श्री साहू ने प्रखंड के महुगाई कला जुगरा एवं पंकरी बरवाडीह गांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी का गठन 1 वर्ष पूर्व हुआ, जिसका रजिस्ट्रेशन चुनाव आयोग के पास 11 दिसंबर 2023 को हो गया है। झारखंड राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों पर लोकहित अधिकार पार्टी दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। गलत नीतियों के कारण अब तक देश में 50000 से अधिक सरकारी विद्यालय बंद किया जा चुका है। निजी विद्यालय को बढ़ावा दी जा रही है ताकि गरीब या समाज में अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों को उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं हो एवं ऊंचे पद पर पिछड़े, दलित, आदिवासी जाति के लोग नहीं बैठ सके। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस की सरकार हो या बीजेपी की किसी सरकार में बेरोजगारी, महंगाई एवं अपराध पर नियंत्रण कभी नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने श्री साहू को गाजे बाजे एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

## हजारीबाग यूथ विंग ने विद्यार्थियों व जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में मौसम के बदले मिजाज़ और बढ़ती कंपकपाती ठंड के बीच पिछले एक महीने से लगातार जरूरतमंदों की सेवा में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है इसी के नियमित रविवार को संत कोलंबस कॉलेज के निकट दर्जनों गरीब,असहाय और लाचार महिला-पुरुषों को कंबल का वितरण किया गया, वहीं इसी क्रम मे कारमेल स्कूल के हिंदी मीडियम के विद्यार्थी जो गरीब परिवार से तालुकात रखते हैं उने कंबल प्रदान किया गया हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शाम में अलाव की व्यवस्था की जा रहा है। जिसे रिक्शा चालक,राहगीर एवं आम जनता को प्रचंड ठंड से राहत मिल सके।

पिछले दो वर्षो से लगातार यह सेवा किया जा रहा है। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा अब तक करीब 900 से भी अधिक कंबल का वितरण किया जा चुका है। यूथ विंग की प्रयास है कि ऐसे व्यक्तियों तक हम पहुंचे जिन्हें एक कंबल तक मुनासिब नहीं हो पाता है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की पिछले एक महीने से लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। यह सेवा फरवरी महीने तक निरंतर रूप से चलती रहेगी साथ कहा कि जरूरतमंदों के बीच ऐसे कुछ समय बिताकर आत्मीयता की भाव उत्पन्न होती है, वह हृदय को सुकून देती है और मन को निश्छल करके अभिभूत कर देती है, यूथ विंग के द्वारा एक छोटी पहल किया गया है जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाने के लिए। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,प्रिंस कसेरा,उदित तिवारी, मोहम्मद ताजुद्दीन, प्रवेक जैन उर्फ रौशन एवं अमन कुमार पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्रीदस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, चार दिनों तक चलेगा खेल का महाकुंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के देवचंदा मोड़ में स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में चार दिनों का खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को हुवा। खेल उत्सव की शुरुवात मुख्य अतिथि भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी और प्रधानाचार्य रोहित सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके और स्कूल आदर्श स्व. दशरथ सिंह के चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर की गई। उद्घाटन के दौरान स्कूल के शिक्षक और अन्य अतिथियों ने भी द्वीप प्रज्वलित एवं चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान प्राचार्य रोहित सिंह ने जीवन में खेल का विशेषता बताते हुए खेल भावना का परिचय देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेल भावना एक दृष्टिकोण है, जो ईमानदारी पूर्वक खेलने, टीम के साथियों और विरोधियों के प्रति शिष्टाचार बरतने की कोशिश करें ताकि आप सभी के बीच आपसी भाईचारा सदा के लिए बना रहे। वहीं इसी दौरान फिजिकल ट्रेनर और स्पोर्ट्स टीचर को रोहित सिंह ने जर्सी भेंट की।

वहीं मशाल जलाकर स्कूल के चारों हाउस ब्लू जेट्स, ग्रीन एरोज, गोल्डन बुलेट और रेड फ्लैशेश के बीच खेल कुंभ को हरी झंडी दे दी। महोत्सव का पहला दिन महिला क्रिकेट और बच्चों के लिए मैजिकल चेयर का आयोजन किया गया। वहीं क्रिकेट में पहला मैच ब्लू जेट और गोल्डन बुलेट के बीच खेला गया, जिसमें गोल्डन बुलेट विजय हुआ। वहीं दिन का दूसरा मैच ग्रीन एरोज और रेड फ्लैशेस के बीच खेला गया, जिसमें ग्रीन फ्लैशेज की टीम विजई हुई। कल के दिन दोनों विजयी टीम फाइनल खेलेगी। वहीं आज के दिन प्राइमरी क्लास के बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चें खूब मस्ती करते हुए देखें।

## विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर संगोष्ठी से सम्मान समारोह का आयोजन

# राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के प्रति सकारात्मक रूप अपने तथा सरकार और संगठन में अल्पसंख्यकों को को उचित स्थान दें जाहिर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से जिला अध्यक्ष जाहिर अंसारी के नेतृत्व मे कार्यक्रम के प्रभारी मंजुर आलम की उपस्थिति में जिला परिषदन धनबाद में संगोष्ठी सह सम्मान सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमे सबसे पहले मंजूर आलम, पूर्व मंत्री झारखंड सरकार हाजी अब्दुल मन्नान मल्लिक, प्रदेश कांग्रेस सचिव शमशेर आलम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकरी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी एवं रहमत ए आलम ट्रस्ट के सर्वप्रथम सामाजिक कार्यकर्ता अबू तल्हा एवं सामाजिक कार्यकर्ता साकिर खान सहित सभी नवनियुक्त जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला और नगर प्रखंड के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया। तत्पशचात सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेंटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष जहीर अंसारी ने कहा कि 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही आज के इस सम्मेलन में



प्रस्ताव पारित किया गया जिसमे अल्पसंख्यकों से संबंधित समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा।

पूर्व मंत्री झारखंड सरकार हाजी मन्नान मल्लिक ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस नई कमेटी को देख कर खुशी हो रही है। पहली बार जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी को इतना बढ़िया काम करते देख रहा हूं। आप लोग इसी तरह से काम करते रहिए और कांग्रेस के हाथों को मज़बूत बनाए। वहीं मंजूर आलम ने कहा कि झारखंड में उर्दू अकादमी और अल्पसंख्यक वित्त निगम का गठन अति शीघ्र हो। अल्पसंख्यको को हक और अधिकार के लिए सिर्फ राजनिति के छेत्र ही नहीं बल्कि शिक्षा के छेत्र में भी आगे आकर काम करना होगा। शमशेर आलम और मुखतार खान ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखंड राज्य मे लंबित मॉब लिंचिग कानून को भी पुनः तकनीकी सुधार कर लागू की जाए। अल्पसंख्यको को धनबाद में कम से कम दो विधानसभा सीट पर टिकट दिया जाना चाहिए और इस बार लोकसभा में उम्मीदवारी अल्पसंख्यक को दिया जाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह और जिला कार्यक्ररी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी ने संयुक्त रूप से सभी नवनियुक्त अधिकारीयों को बधाई देते हुए कहा कि कमेटी बहुत शानदार बनी है। आप लोग जिला कांग्रेस के साथ हाथ से हाथ मिला कर कांग्रेस को मज़बूत बनाए। जिला अध्यक्ष जहीर अंसारी ने मांग करते हुए कई प्रस्तव को रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया, पारित प्रस्ताव निम्लिखित है। तमाम प्रस्ताओं का जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री आशिफ रजा ने समर्थन किया।

1. राज्य बने 23 साल हो गये परंतु अब तक मदरसा बोर्ड का गठन नहीं हुआ है जिससे मदरसे से पढ़ने वाले विधार्थियो के लिए राज्य के बाहर उच्च शिक्षा में परेशानी होती है इसलिए झारखंड में अतिशीघ्र मदरसा बोर्ड का गठन किया जाय।

2. आलिम फाजिल की संबंद्वता एवं डिग्री संबंधित क्षेत्र के विश्वविद्यालयों से संबंधता प्रदान किया जाए।

3. राज्य में वक्फ बोर्ड का गठन बहुत जरूरी है क्योंकि वक्फ बोर्ड के गठन नहीं होने से वक्फ संपत्तियों का देखभाल एवं रख रखाव ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा, इस लिए अतिसीघ्र वक्फ बोर्ड के गठन किया जाए।

4. राज्य सरकार मॉब लिंचिंग कानून में तकनिकी रूप से जो दिक्कत है उसे दूर कर के अतिशीघ्र लागू करे।

5. अल्पसंख्यको को धनबाद में कम से कम दो विधानसभा सीट पर टिकट दिया जाए और इस बार लोकसभा में उम्मीदवारी अल्पसंख्यक को दिया जाए।

मौके पर प्रदेष कमेटी के महामंत्रीगण परवेज़ खान, मो जिन्ना, सय्यद रिज़वी, मास्टर जावेद अंसारी, आसिफ रजा, जावेद रजा, इम्तियाज अली, उपाध्यक्ष शकील अहमद, जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रवक्त सह उपाध्यक्ष सिकंदर ए आजम, कोषाध्यक्ष अज़ीम अंसारी, इम्तियाज आलम, इकराम कुरैशी, तनत खान, सौकत खान, मो शाहजहां, मो अफजल सिद्दिकी, मो साबिर खान, मो कलीम अंसारी, मो जसीम खान, मो सलीम, सद्दाम हुसैन, अनवर हुसैन, मो जफर, इस्तेखार आलम, मो इम्तियाज टिपू, इंजीनियर मो गुलाम अनवर, सोशल मीडिया प्रभारी खिज़र आबिद, मो मुस्तकीम, मो जुल्फेकार, मो रब्बानी अंसारी, सिद्दिक अंसारी, मो नौशाद आलम, सरदार अजित, अहमद हुसैन, शाहिना बनो, अख्तरी परवीन, आशिफ इकबाल, मो सलीम, मो जमालुद्दीन, मो प्रिंस, सोहराब अली, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वायु प्रदूषण : उपायुक्त से की त्रिपक्षीय बैठक बुलाने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया में व्याप्त जानलेवा वायु प्रदूषण से निजात दिलाने हेतु जिला प्रशासन, बीसीसीएल प्रबंधन एवं झरिया के नागरिकों की एक त्रिपक्षीय बैठक आयोजित कर विचार विमर्श करने की माँग धनबाद उपयुक्त से की गई। धनबाद उपायुक्त, नगर आयुक्त धनबाद नगर निगम एवं अनुमंडल पदाधिकारी धनबाद को दिए गए पत्र में कहा गया कि झरिया के चारो तरफ आउटसोर्सिंग के तहत कोयला की खुली खदानों मे खनन चल रही है जिसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। जला हुआ कोयला का राख ओवर बर्डेन के साथ शहर की घनी आबादी के नजदीक गिराया जा रहा है। ऊँचाई पर सुखी राख गिरने के कारण धूल कण उड़ कर शहर में प्रदूषण फैला रहा है जिसके कारण यहाँ के निवासी गंभीर बिमारीयों के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण के कारण लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का हास हो रहा है और लोग स्वांस संबंधित बिमारीयाँ,अस्थमा, न्युमोकोनोसिस, टीवी, कैंसर, मानसिक तनाव जैसी बिमारीयों से ग्रसित हो रहे है। गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। यहाँ के लोगों का औसत उम्र भी कम हो रहा है। मांग की गई कि ओवर बर्डेन को आबादी से दूर गिराया जाए।ओवर बर्डेन को पानी के साथ गिला कर के ही गिराया जाए ताकि धूलकण उड़ने से वातावरण प्रदूषित न हो। कोयला ट्रांसपोटिंग मुख्य सड़क से न हो। ट्रांसपोटिंग क्षेत्रों में पानी का छिड़काव हो। ओवर बर्डेन एवं खनन क्षेत्र को समतल कर उस पर पौधारोपण किया जाए। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या से त्रस्त झरिया के नागरिक कई महीनों से आंदोलनरत है किन्तु इनकी गुहार सुनने वाला कोई नहीं है। जिम्मेवार अधिकारियों को पता नही की प्रदूषण को कैसे नियंत्रित किया जाए।

अतः जिला प्रशासन, बीसीसीएल प्रबंधन एवं नागरिकों के बीच त्रिपक्षीय बैठक हो ताकि उक्त बातों पर विचार विमर्श कर क्रियान्वित की जा सके। डॉ मनोज ने कहा कि यदि हमारी मांगों पर विचार नही हुआ तो हमलोग झरिया में आमरण अनशन पर बैठेंगे।

## जनहित मोर्चा ने भीषण ठंड को देखते हुए असहायों के बीच सैकड़ों कम्बलों का किया वितरण

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने टुंडी के आधा दर्जन गांवों का दौरा किया और इस भीषण ठंड को देखते हुए करीब सैकड़ों कम्बलों का वितरण असहायों के बीच किया। सर्वविदित हो कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत



दक्षिणी टुंडी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर्माटांड़ प्रागंण में सभी गांवों के लोगों द्वारा जनहित मोर्चा के माना पाठक को फूल माला पहनाकर कर जोरदार स्वागत किया। इसके उपरांत एक सादे समारोह आयोजित के दौरान माना पाठक ने सभी असहायों के बीच करीब सैकड़ों कम्बलों का वितरण किया। एवं इस तरह की अभियान पूरे ठंड में करने की बात बताई। उनके निजी सचिव मुरारी सिंह ने सभी असहायों को संबोधित करते हुए कहा कि जनहित मोर्चा जन जन की सेवा करने में लगा है और सदैव लगा रहेगा। इस समारोह में मुख्य रूप से मुरारी सिंह, डॉ नंदकिशोर केवट, अरूण रवानी, निजामुद्दीन अंसारी,मो इदरीस अंसारी,मो मुमताज अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, सुभाष तिवारी, मुश्ताक अंसारी समेत सैकड़ों जनहित मोर्चा कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

## मिल्लत हाई स्कूल में हुआ साइंस एग्जीबिशन का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर स्थित मिल्लत हाई स्कूल मे साइंस एग्जिबिशन का आयोजन हुआ। जिसमे स्कूल के बच्चों के द्वारा साइंस की कला कीर्ति का अद्भुत नज़ारा पेश किया गया। मौके पर अपैक्स कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर अबु तल्हा, अभ्यास कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सैफ अली खान, मिल्लत स्कूल के शिक्षक शबनम परवीन और मोहम्मद इमरान समेत कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे। सभी ने बच्चों को प्रोत्साहित की और उनके द्वारा बनाए गए प्रोजेक्टस की सराहना की। वहीं अबू तल्हा ने बताया की सरकारी स्कूलों मे इस तरह की प्रदर्शनी बच्चों के अंदर की प्रतिभा को बढ़ाता है और इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिये।

## बच्चों के बीच किया गया गर्म पोशाक वितरण



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मोतीलेदा पंचायत के बरमसिया गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच गर्म कपड़ा का वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा देवी, वार्ड सदस्य इंद्रजीत वर्मा, विष्णु वर्मा, नकुल वर्मा, लखन, सरजू वर्मा, गुड्डू यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बर्मा होम्यो क्लीनिक का हुआ उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के अलकापुरी चौक में विकास मोटर के समीप को वर्मा होमियो किलिनिक का उद्घाटन ज़िला परिषद सदस्या मुनिया देवी जिला परिषद अध्यक्ष, नेत्र सर्जन कुलदीप नारायण इंजिनियर विनय कुमार सिंह राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के संयुक्त सचिव राजेश कुमार वर्मा, समाजसेवी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इधर बताया गया कि डॉक्टर लवली वर्मा पूर्व में नई दिल्ली के उत्तम नगर में अपनी सेवा दे रही थी अब वे अपने गृह जिला गिरिडीह में सेवा देंगी। वही ज़िले के सैकड़ों समाजिक, बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इधर क्लीनिक संचालक प्रशांत कुमार वर्मा ने बताया कि कम खर्च में सभी तरह का इलाज किया जएगा।

## महुदा मोड़ में मनाया गया विनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ चोक में स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की 32 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से माया गया। इस मौके क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, मुखिया, जनप्रतिनिधि स्कूल के बच्चे सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित किया।

## 17 जनवरी को गोल्फ ग्राउंड में होने वाले सामूहिक विवाह में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 जनवरी तक

# सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह उनके रीति-रिवाजों से कराएगी : प्रदीप सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार 18 दिसंबर को सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की बैठक समिति के चेयरमैन मंजीत सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की सर्वधर्म सामुहिक विवाह पिछले 10 वर्षो से लगातार गल्फ ग्राउंड धनबाद में बहुत भव्य एवं सफलतापूर्वक की जा रही है। इस वर्ष भी 17 जनवरी 2024 को 101 जोड़े का विवाह सभी धर्मो से जुड़े लड़के एवं लड़कियों का विवाह समिति के द्वारा की जा रही है। इस वर्ष के विवाह के लिए 40 फार्म भरे जा चुके हैं। आगामी पांच जनवरी तक फार्म भरने की अन्तिम तिथि रखी गई है। फॉर्म मिलने का स्थान बेकारबांध स्थित पंडित डेकोरेटर है। विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को न्योता दिया जाएगा। समिति के महासचिव भरतजी भगत ने बताया की सभी बच्चों को उपहार स्वरूप विवाह के बाद जरूरत की सामग्रियां भी दिया जाएगा।विवाह समारोह में शामिल होने के लिए धनबाद के सभी सामाजिक संस्था एवं सामाजिक कार्यकर्ता और गण्यमान्य लोगों को न्योता



दिया जाएगा। ज्ञात हो कि 10 वर्षो के दौरान सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति द्वारा सामूहिक विवाहों में बहुत ही शानदार और भव्य व्यवस्था धनबादवासी एवं राज्य के अन्य जिलों के साक्षी देख चुके है। इन सारे ऐतिहासिक सामूहिक विवाहों के लिए समिति प्रशंसा के पात्र हैं। बैठक में द्वारिका प्रसाद तीवारी,संजय तिवारी, युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह,अशोक पंडित, तारक नाथ दास, दिनेश केशरी, लल्लू , राजेश, विक्रम सिंह, गणेश आदि मौजूद थे।

## धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कतरास भंडारीडीह सामुदायिक भवन में सोमवार को धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कतरास शाखा के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने की। बैठक में धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डेकोरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि 31 जनवरी 2024 तक एसोसिएशन का निर्णय था कि कोई भी व्यक्ति रिवाज में काम नहीं करेंगे लेकिन भुवनेश्वर कुक एंड कैटर्स के मालिक मनबोध ने संगठन के निर्णय के विरुद्ध जाकर वहां काम किया। जिसके तहत संगठन ने अनुशात्मक कार्रवाई करते हुए निर्णय लिया गया कि मनबोध कुमार जहां भी काम करेंगे उनके साथ संगठन का कोई भी व्यक्ति कार्य नहीं करेंगे। जिलाध्यक्ष के इस निर्णय का बैठक में सभी लोगों ने स्वागत किया। बैठक में प्रदेश महासचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी, कतरास शाखा सचिव संदीप, कोषाध्यक्ष आकाश, हरिवंश लाल गंभीर उर्फ मधु, बंटी खंडेलवाल, किंकर रजवार, कृष्णा, राम, मो तौसीफ, प्रकाश, सजल, अभिजीत, राजेश, रजत आदि उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट के द्वारा शॉल और स्वेटर का किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह एलिट तथा मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में गंगापुर गांव के आदिवासी बच्चों और महिलाओं के बीच शाल और स्वेटर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 100 से अधिक बच्चे और बच्चियों के बीच स्वेटर तथा 100 महिलाओं के बीच शाल का वितरण किया गया। इस ठंड के मौसम में शाल और स्वेटर पाकर महिलाएं और बच्चे काफी खुश थे। ग्रामीणों ने क्लब को इसके लिए साधुबाद दिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने



कहा कि अभी काफी ठंड पड़ रही है। इसी को देखते हुए क्लब ने जरूरतमंद आदिवासी महिलाओं और बच्चों के बीच स्वेटर और शाल का वितरण किया है।

## मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने बिनोद बाबू की पुण्यतिथि मनाई

# विनोद बाबू लाल-हरा मैत्री के अगुवा रहे : पवन महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 18 दिसंबर झारखंड के भीष्म पितामह एवं पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने धनबाद रेलवे स्टेशन स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि बिनोद बाबू शोषित-पीड़ित के आवाज थे। उन्होंने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में जोरदार संघर्ष किया। उनके चरणबद्ध आंदोलन को देख कर लाखों जनताओं ने सड़क पर उतर कर अलग झारखंड राज्य की नींव रखी। आज राज्य



मिला लेकिन सही मायने में झारखंडियों को राज नहीं मिला है। बिनोद बाबू ने युवाओं को एक संदेश दिया था कि पढ़ो और लड़ो पढ़ने के साथ-साथ लड़ने की प्रेरणा दी। युवाओं को जागरूक और संघर्षील बना कर हर आंदोलन को दिशा देने का रास्ता दिखाया। बिनोद बाबू लाल हरा-मैत्री के अगुवा रहे। दोनों झंडों के नेतृत्व में माफिया मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया। वे अपने सिद्धांतों से कभी भी समझौता नहीं किया। समान विचारधारा वादी लोगों के साथ मिलकर शोषण मुक्ति की लड़ाई को तेज किया।

माल्यार्पण कार्यक्रम में मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, सृष्टि महतो, दीपक महतो, औरधेन्दु दत्ता, किशोर महतो, शंकर महतो आदि शामिल थे।

# एर्नाकुलम से धनबाद के लिए स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड को देखते हुए उनके सुगम आवागमन के मद्देनजर काटपाडी-विजयवाड़ा-राजामुंदरी-रायगड-सम्बलपुर-राउरकेला-हटिया के रास्ते एरणाकुलम और धनबाद के बीच एक अनारक्षित स्पेषल ट्रेन 06077/06078 एरणाकुलम-धनबाद-एरणाकुलम का परिचालन किया जा रहा है ।

गाड़ी सं. 06077 एरणाकुलम-धनबाद अनारक्षित स्पेषल एरणाकुलम से दिनांक 18. 12. 2023 एवं 25.12.2023 (सोमवार) को 07.15 बजे खुलकर बुधवार को 07.30 बजे धनबाद पहुंचेगी ।

वापसी में गाड़ी सं. 06078 धनबाद-एरणाकुलम अनारक्षित स्पेषल धनबाद से दिनांक 21.12.2023 एवं 28.12.2023 (गुरूवार) को 23.55 बजे खुलकर रविवार को 02.30 बजे एरणाकुलम पहुंचेगी । इस स्पेषल में साधारण श्रेणी के 22 कोच होंगे ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन सरिया प्रखण्ड के कोयरीडीह व मोकामो पंचायत में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बीडीओ पप्पू रजक व सीओ संतोष कुमार उपस्थित रहे । उक्त कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत भवन में अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम को विभिन्न वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना जैसे पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व जीवन ज्योति योजना, पेंशन योजना, जनधन खाता, आयुष्मान भारत योजना, पं.दीनदयाल अंत्योदय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, उज्जवला योजना, एकलव्य मॉडल विद्यालय योजना, जेएसएलपीएस आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आगे बताया कि एक गरीब परिवार से सम्बद्ध रखनेवाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सभी वर्गो की चिंता है। जिस कारण यह कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है। यह केंद्र सरकार की इन सारी योजनाओं में साफ झलकता है कि देश का कोई भी गरीब पैसे के अभाव में ईलाज से वंचित ना रहे इसके लिए आयुष्मान योजना, देश के गृहणी महिलाओं का जीवन चूल्हे के धुआं में ना समाप्त हो इसके लिए उज्जवला योजना, महिलाओं के मान-सम्मान के लिए हर घर शौचालय, किसानों के समान में किसान सम्मान निधि व किसान क्रेडिट कार्ड योजना, श्रमिकों के लिए विश्वकर्मा योजना, छात्रों व नौजवानों के लिए कौशल विकास योजना आदि के बारे में बताया और आमलोगों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की ।

# विनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** पढो और लड़ो का नारा देकर झारखण्ड के ग्रामीणों को जागरूक करने वाले झामुमो के संस्थापक सह पुर्व सांसद व विधायक विनोद बिहारी महतो कि सोमवार को पुण्य तिथि मनाई गई । इस दौरान बगोदर के महूरी स्थित विनोद विहारी चौक पर उनके चित्र पर बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किए । इसके बाद उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने कहा की स्व0 विनोद बाबू ने झारखंड के शोषित दलित आदिवासियों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य तो बन गया है लेकिन विनोद बाबू के सपनों का झारखंड नहीं बन सका है। उनके सपनों को पूरा



करने के लिए हम सभी को खासकर युवाओं को समर्पित भाव से संघर्ष करना होगा तब ही झारखंड अलग राज्य और स्व0 बिनोद बिहारी महतो के सपना साकार होगा।

## चलते चलते एक नजर

### राष्ट्रीय कसौधन वैश्य समाज के उपाध्यक्ष का किया गया सम्मान



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कसौधन वैश्य समाज के द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय कसौधन वैश्य समाज युवा महासभा बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश के गढ़वा आगमन पर उन्हे सम्मानित किया गया। मौके पर उन्होने कहा कि नव वर्ष के मार्च अप्रैल में दाउदनगर में राष्ट्रीय बैठक आयोजित की जाएगी। आयोजित समारोह में श्री प्रकाश को कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के पूर्व सचिव अमित कश्यप के आवास पर समाज के अध्यक्ष, उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप तथा संरक्षक रघुवीर कश्यप के द्वारा शाल ओढ़ाकर एवं महर्षि कश्यप का चित्र दे कर सम्मानित किया गया। युवा टीम के सचिव कोषाध्यक्ष एवं सदस्यगण के द्वारा माँ गढ़देवी का चित्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उन्होने कहा कि खुशी की बात है हमारा समाज पूरे भारत में संगठित हो रहा है। समाज के बच्चे हर क्षेत्र में आगे आ रहे हैं। अलग-अलग प्रदेशों में राष्ट्रीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगों में जोश और उमंग का संचार हो रहा है। नए वर्ष की राष्ट्रीय बैठक में सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। मौके पर उप सचिव विवेक कश्यप, रंजीत कश्यप, लखन कश्यप, दिलीप कश्यप, पूर्व सचिव अमित कश्यप, युवा से हर्ष कश्यप, अभिषेक कश्यप, सूरज कश्यप, मुन्ना कश्यप आदि उपस्थित थे।

### सेन्ट्रल बैंक ने किया स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया , क्षेत्रीय कार्यालय रॉंची द्वारा स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया । उक्त आयोजन में क्रिकेट, बैडमिंटन जैसे खेलों को शामिल किया गया। आयोजन का उदघाटन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर खिलाडियों को शुभकामना देते हुये कुमार ने कहा कि खेल हमें सहनशीलता ,सहयोग , धैर्य एवं निष्ठा भावना को बतलाती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम इन भावनाओं को अपने व्यक्तिगत आचार विचार में भी लावें । इस अवसर पर टीम स्पर्धा में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें रॉंची क्षेत्र के विभिन्न टीमों ने भाग लिया। फाईनल मुकाबला जमशेदपुर एवं रॉंची क्षेत्रीय कार्यालय की टीम के मध्य हुआ । जिसमें रॉंची क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने जमशेदपुर को चार रन से हराकर विजेता बनी। क्षेत्रीय कार्यालय का नेतृत्व प्रशान्त देशपांडे तथा जमशेदपुर के टीम का नेतृत्व अंकित श्रीवास्तव ने किया . मैन ऑफ दी मैच पुरस्कार जमशेदपुर टीम के विशाल रिषभ गुडिया को प्रदान किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय की टीम की तरफ से सत्यजीत श्रीवास्तव ,राजीव रंजन, मनीष कुमार, अमित कुमार ,सोनल ,आलोक कुमार ,पीयुष मोदी ,सौरभ,रितेश तथा जमशेदपुर टीम की तरफ अमित कुमार , सुशील कुमार, संदीप कुमार ,रंजीत कुमार, अमन ने अपनी टीम के लिये श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम, लाभुकों से किया ऑनलाइन संवाद

# 29 दिसंबर को 8-9 हजार युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र : हेमंत

* 773 करोड़ 30 लाख 10 हजार रुपए की 536 योजनाओं का दिया तोहफा, 2 लाख 47 हजार 842 लाभुकों के बीच 247 करोड़ 81 लाख 40 हजार 98 रुपए की बांटी परिसंपत्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** यह सरकार दिल्ली और रांची के बंद और एयर कंडीशंड कमरे से नहीं बल्कि गांव और पंचायत से चल रही है। जिस गांव में आने-जाने का रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी पूरे दल-बल के साथ योजनाओं की पोटली लेकर पहुंच रहे हैं तथा आपको लाभान्वित करने का काम कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन हजारीबाग के ईचाक प्रखंड के तेतरीय ग्राम में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार के चल रहे तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐसा महाअभियान है जिसमें गांव-पंचायत में शिविर लगाकर आम जन की समस्याओं का समाधान हो रहा है। सीएम ने कहा कि सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर 29 दिसंबर को 8-9 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता, विधायक उमाशंकर अकेला,अमित कुमार यादव और अम्बा प्रसाद, झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, प्रमण्डल के आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, पुलिस उप महानिरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह तथा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### एक ही परिवार में कई सदस्यों को पेंशन का मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां हर बुजुर्ग विधवा और दिव्यांग को पेंशन का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर सभी योग्य पात्रों को पेंशन से जोड़ रही है।

### स्कूली बच्चों के बीच सरकार की योजनाओं से जुड़ी पुस्तिका वितरित की जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति को मिले । कोई जानकारी के अभाव में योजनाओं से अछूता ना रहे, इसके लिए स्कूली बच्चों के बीच सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी पुस्तिका वितरित की जाएगी। ये बच्चे अपने अभिभावकों को इस पुस्तिका के माध्यम से योजनाओं के बारे में बताएंगे ताकि वे अपनी जरूरत की योजनाओं का लाभ ले सकें।

### आने वाले दो वर्षों में झारखंड पूरी ताकत के साथ खड़ा रहेगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक युवा राज्य है। वर्ष 2025 में यह राज्य 25 वर्ष का हो जाएगा । हमने यह लक्ष्य तय किया है कि आने वाले दो वर्षों में झारखंड को इतना ताकतवर राज्य बनाएंगे कि वह अपने आप में हर काम के लिए सक्षम होगा ।किसी से मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोगों को उनका पूरा हक और अधिकार मिलेगा और वे खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकेंगे।

## कैम्ब्रीज पब्लिक स्कूल का छात्र पीयूष कुमार विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कृत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** कैम्ब्रीज पब्लिक स्कूल के वर्ग आठ के छात्र पीयूष कुमार को रांची मे आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कृत किया गया है। विदित हो कि विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयन कर जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश में राँची में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया था।

पीयूष कुमार का प्रोजेक्ट का थीम था- वाटर टैंक क्लीनिंग मशीन। अर्थात् वह मशीन जो छोटे एवं बड़े आकार के बाटर टैंको को तथा टैंक में रखे पानी को साफ कर सके। विज्ञान के इस थीम को विद्यालय, अंतर विद्यालय एवं जिला स्तर पर खूब साराहना मिली थी। राँची में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में पीयूष कुमार को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल राँची सह सज्य इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम, झारखण्ड के राज्य नोडल पदाधिकारी अल्का जयसवाल ने प्रसस्ती पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह, प्राचार्य नंदकिशोर भारती, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सब्या सिंह सहित सभी शिक्षकों ने पीयूष कुमार को बधाई एवं शुभकामानाऐं दी है।

## पलामू कप में खान 11 और डीसीसी ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झामुमो युवा मोर्चा की ओर से आयोजित पलामू कप 2023 में कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट में जोरदार मुकाबला देखने को मिला। पलामू कप दो हजार तेईस का नेतृत्व सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष विनायक द्वारा किया जा रहा है। जिसमें डाली क्रिकेट क्लब ने 12 ऑवर के मैच में रिकॉर्ड रन 172 रन बनाए। जिसमें मैंडी के अर्धशतक और बादल, हिमांशु की धाकड़ बल्लेबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसे देखने के लिए जीएलए कॉलेज ग्राउंड चारों ओर से दर्शकों से भरा रहा। हालांकि शुरूआती पारी में कप्तान पिंटू पठान ने अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन उसके बाद धड़ाधड़ बल्लेबाज पवेलियन वापस लौटते चले गए। पहले क्वार्टर फाइनल



मुकाबले में बारालोटा एकादश को खान 11 ने सात विकेट से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई, वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज कर डीसीसी सेमीफाइनल अगले मुकाबले के लिए में भिड़ेगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने बताया कि निष्पक्ष और निर्विवादित टूर्नामेंट कराने की कोशिश है। जिसमें अंपायर आलोक तिवारी एवं छोटू तिवारी की भूमिका अहम रही है। वहीं कमेंट्री कर पत्रकार आशुतोष पाण्डेय लकी ने आयोजन को भव्यता प्रदान की है। तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल का मुकाबला मंगलवार को होगा।

जिसमें कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, संगठन सचिव कृष्ण कन्हैया दूबे, राजू शुक्ला, पिंटू तिवारी, रंजीत कुमार, प्रेमचंद, नवनीत, स्नेहिल, राजू रंजन, विकी पाण्डेय ने आयोजन को सफल बनाने अहम भूमिका निभाई है।

## लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में 86 मरीजों का हुआ मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर अंतर्गत सद्दीक मंजिल चौक पर स्थित लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में 17 दिसंबर दिन रविवार को मेगा कैंप लगा कर 86 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया गया। मेगा कैंप में मरीजों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण देश के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीजे सरकार (कोलकाता) एवं पटना के एस सिंह आई सर्जन के द्वारा किया गया। सभी मरीजों को निःशुल्क चश्मा दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. ए. अंसारी सहित अरुण राम, सीमा कुमारी, रंजन कुमार, राजाउल, संजर नवाज, अनीता कुमारी और रेखा कुमारी उपस्थित थे।मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए मरीजों का रजिस्ट्रेशन निःशुल्क किया गया था। हॉस्पिटल में प्रत्येक रविवार को मोतियाबिंद का




निःशुल्क जांच और ऑपरेशन जारी रहेगा। जिस मरीज के आंख में मोतियाबिंद की शिकायत है, उस मरीज का जांच कर निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में यह कार्य हर रविवार को हो रहा है। यहां महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन भी निःशुल्क हो रहा है। इन्हे एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जा रहा है हॉस्पिटल के निदेशक ए.अंसारी ने बताया कि हर साल की तरह यहां ऑपरेशन बिना चीर-फाड़ के दूरबीन द्वारा किया जा रहा है। ऑपरेशन में मरीज को किसी तरह का कोई दिक्कत नहीं हो रहा है। मरीजों को ऑपरेशन के बाद चश्मा और दवा भी निःशुल्क दिया जा रहा है। निदेशक अंसारी ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को किसी भी तरह का कोई दिक्कत नहीं हो रहा है। जितने मरीजों का ऑपरेशन हो रहा है, सभी स्वास्थ्य हैं। बता दें कि पलामू जिला मुख्यालय स्थित लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल गरीब मरीजों के लिए वरदान है। इस अस्पताल में ऐसे मरीजों पर खाश ध्यान दिया जाता है। इस अस्पताल में सभी रोगों का इलाज होता है। यहां कई विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. ए अंसारी खुद मरीजों का ईलाज करते हैं। जिले के लोगों का इन पर काफी भरोसा भी रहता है। इनका स्पष्ट मानना है कि मानव सेवा से बड़ा कोई दूसरा सेवा नहीं है। इसी सेवा भाव से वे लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल का संचालन कर रहे हैं।

### मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए 21 को चयन समिति की बैठक

**रांची :** झारखंड के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विधायक बिरंची नारायण के पूछे गए अल्प सूचित प्रश्न पर सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है। सरकार ने बताया कि 8 मई 2020 से झारखंड में एक मुख्य सूचना आयुक्त और पांच सूचना आयुक्त का पद खाली है। नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी। अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद 16 नवंबर 2023 को चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी। अब 21 दिसंबर को यह बैठक होगी। सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 63 और पांच सूचना आयुक्त के पद के लिए 354 आवेदन मिले हैं।

## पांकी प्रखंड कृषक मित्र संघ की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड कृषक मित्र संघ की एक बैठक राजकीय मध्य विद्यालय पांकी के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह ने की। जबकि संचालन उपाध्यक्ष बच्चू राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप में जिला अध्यक्ष रंजन दुबे मौजूद थे।

सभी पंचायत से आए कृषक मित्र इस बैठक में भाग लिया। बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। जिसमें लगातार दो वर्षो से सुखार की स्थिति से किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

सरकार कोई ठोस कदम किसान के प्रति नहीं दिख रही है क्योंकि वर्तमान की सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को बंद कर किसानों के साथ एक बड़ी धोखा की है। उसमें किसान को क्षतिपूर्ति



का भुगतान अच्छी मिलती थी। आज राज्य सरकार ने झारखंड राज्य फसल बीमा योजना चालू की है। जिसमें पिछले वर्ष पलामू जिले से 128000 किसानों ने निबंध करवाया था।

जिसमें आधे से भी कम किसानों का भुगतान हुआ। शेष किसान अभी भी लंबित है। इस वर्ष खरीफ में भी 87000 किसानों ने निबंधन कराया है। लेकिन अभी तक खरीफ फसल छोड़ रवि फसल समाप्ति की ओर है। लेकिन एक भी किसानों का भुगतान नहीं होना साफ होता है कि किसान के प्रति किसी का ध्यान नहीं है। जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि सभी बातों को गंभीरता से लेते हुए सरकार से मांग करते हैं कि अभिलंब किसानों को फसल राहत योजना में निबंध कराए गए किसानों को भुगतान की जाए। बैठक में प्रखंड सचिव सरवन कुमार, उपसचिव गायत्री देवी, अरुण चौहान, अद्भुत सिंह, सुनील यादव, नागेश्वर राम, राजेंद्र पाठक सहित कई कृषक मित्र उपस्थित थे।

## प्रमंडल में दूरसंचार का होगा सुधार : महाप्रबंधक

* झारखंड चैंबर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद ने मिलकर रखी बात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक डेलिकेट झारखंड चैंबर के रीजनल उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद के नेतृत्व में पलामू चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल रिंकू दुबे,अनवर हुसैन, राकेश सोनी एवं सदस्यों ने महाप्रबंधक से मिलकर शहर में दुरसंचार व्यवस्था की लचर व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक के दौरान दुरसंचार समस्याओं को सुना गया। सदस्यों ने अपनी ओर से सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सुझाव दिया। समस्या सुनने के बाद मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि अगले वर्ष 2024 की शुरुआत में बीएसएनएल की 4जी सेवा एक नये रुप में मिलेगी और सुधार की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा जाएगा। आगामी जुलाई 2024 तक पुरे प्रमंडल में 5जी सर्विस को चालु कर दिया जायेगा। इसके लिए भारत सरकार द्वारा मनोनित ईसीजीयस तकनिक पर आधारित आत्म निर्भर भारत के तहत है। बीएसएनएल डाल्टनगंज की सर्विस को दुरुस्त करने के लिये आप्टीकल फाईवर के नेटवर्क को और विस्तार किया जा रहा है। बैठक में उमेश प्रसाद साह (महाप्रबंधक रांची व्यापार क्षेत्र) ने बीएसएनएल ऐप्सऔर ष्द्धड्डह्ल चैट जीपीटीबी नंबर-18004444 फॉर एसिस्टेंस ऑफ एफटीटीएचएफ सर्विसेज सभी को अवगत कराया। जिससे नई सर्विसेज को चालू करने और शिकायत दर्ज करने की भी सुविधा उपलब्ध है। मौके पर उपस्थित संजय कुमार मुख्य महाप्रबंधक झारखंड, उमेश प्रसाद साव महाप्रबंधक राँची, जीएमईटीआरबी मनोज भोक्ता, अखिलेश कुमार झा मुख्य अभियंता सिविल, उपमहाप्रबंधक डाल्टनगंज राम कृपाल सिंह, सहायक प्रबंधक डाल्टनगंज कमलेश कुमार और सुनील कुमार मौजूद रहे।

### इस संघर्ष को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाने का आग्रह : सेठ

**रांची :** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रांची लोकसभा क्षेत्र में हाथी और मानव के संघर्ष का मामला उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस संघर्ष और टकराव को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाई जाए। क्योंकि इस मामले में राज्य सरकार की करवाई बिल्कुल शिथिल है। सेठ ने लोकसभा में कहा कि मेरा लोकसभा क्षेत्र हाथी और मानव के संघर्ष से बुरी तरह जूझ रहा है। समय के साथ समस्या गंभीर होती जा रही है। ईचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र हाथियों के आतंक से बुरी तरह प्रभावित हैं। 2000 से अधिक परिवार हाथियों के आतंक से पीड़ित हैं और 8000 एकड़ से अधिक की खेतों पर लगी फसलों को हाथियों ने बर्बाद किया है। ऐसा नहीं है कि संघर्ष में फसल और इंसानों को नुकसान हो रहा है। कई बार हाथियों की भी जान जा रही है। अक्सर हाथी ट्रेन दुर्घटना का शिकार होते हैं। उनकी मौत हो जा रही है।

## सूरज बनने के लिए सूरज जैसा जलना होगा: पंकज

### संत पॉल एकेडिमी ने सूरत पांडेय को 13 रनों से हराया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** यहां खेले जा रहे 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन संत पॉल एकेडमी ने सूरत पांडेय पब्लिक स्कूल को 13 रनो से, आरके पब्लिक स्कूल ने सृजन डंडई को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच से पूर्व गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सह चिकित्सक कुमार पंकज प्रभात और नसीम अख्तर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सूरत पांडेय पब्लिक स्कूल ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। संत पॉल एकेडमी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ के 54 और पीयूष के 15 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में सात विकेट होकर 130 रनों का स्कोर खड़ा किया। सूरत पांडेय पब्लिक स्कूल की ओर से शिवम ने तीन विकेट प्राप्त किया। 131 रनो के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी सूरत पांडे, पब्लिक स्कूल के सलामी बल्लेबाजों ने बेहतर शुरूआत किया। दयानंद और आसिफ के बाईस, बाईस रनो की बदौलत 117 रन ही बना पाई। दोनो बल्लेबाज को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका। संत पॉल एकेडमी की और से उत्कर्ष ने तीन विकेट प्राप्त किया। वहीं दूसरे मैच में सृजन पब्लिक स्कूल डंडई की टीम ने अपने टीम में दूसरे स्कूल के खिलाड़ियों को शामिल किया जिसके कारण उन्हें प्रतियोगिता से बाहर करते हुए आरके पब्लिक स्कूल बंशीधर को विजय घोषित किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पॉल एकेडमी के ऋषभ तिवारी को मुख्य अतिथि डॉ पंकज प्रभात, नसीम अख्तर, समिति के उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, अनिल विश्वकर्मा ने प्रदान किया। मौके पर डॉ. पंकज ने कहा कि 30 साल पहले आप लोग की तरह ही हम भी इस मैदान में क्रिकेट खेला करते थे। आज आप लोगों का एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया है जहां आप अपने खेल का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप लोगों को सूरज जैसा बनना है तो सूरज जैसा जलना होगा। जो बच्चे अच्छा खेलेंगे वह अच्छा पड़ेंगे और उनका जीवन भी अच्छा होगा। आप लोग मोबाइल से दूर रहें। नसीम अख्तर ने कहा कि खेल सिर्फ हार जीत ही नहीं बल्कि हम सभी लोगों को अनुशासन, सद्भावना और एकता भी सिखाता है। आप लोग अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करें तभी सफलता मिलेगी। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, अभय, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक, प्रिंस खान, नवनीत, अमित, उपाध्याय, मनीष, विशाल,रंजीत कुमार सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।